卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्नि जनकात्मजायाः ॥ आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम् ॥
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् ॥ वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये ॥

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 221 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर (ऊधमसिंहनगर) ♦सोमवार ♦18 मई 2026 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## सीएम ने चिकित्सा वाहनों को दिखाई हरी झंडी

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय परिसर, देहरादून से एचडीएफसी बैंक द्वारा किए जा रहे अत्याधुनिक चिकित्सा वाहनों (एम्बुलेंस) का फ्लैग ऑफ किया। इन जीवन रक्षक वाहनों को हरी



सीएसआर (कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी) के अंतर्गत चारधाम एवं आदि कैलाश यात्रा मार्ग हेतु प्रदान झंडी दिखाकर रवाना करने के साथ ही मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदूर क्षेत्रों तक सुलभ बनाने की इस पहल को सराहा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि निश्चित तौर पर ये एम्बुलेंस चारधाम और आदि कैलाश यात्रा मार्ग पर आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ करेंगे तथा यात्रा मार्ग पर श्रद्धालुओं को किसी भी आपात स्थिति में त्वरित एवं बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि भौगोलिक रूप (शेष पृष्ठ सात पर)

## सरकारी सेवा में चयनित युवाओं को सीएम ने भेजा डिजिटल संदेश

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बीते चार वर्षों में सरकारी सेवा में चयनित हुए कार्मिकों को डिजिटल माध्यम से पत्र भेजकर उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने चयनित युवाओं से ईमानदारी, निष्पक्षता और मानवीय मूल्यों के साथ जनसेवा में योगदान देने का आह्वान किया है। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि उत्तराखण्ड की जनता ने वर्ष 2022 में उन्हें दूसरी बार मुख्य सेवक के रूप में कार्य करने का अवसर दिया। जनादेश की भावना के अनुरूप कार्यभार ग्रहण (शेष पृष्ठ सात पर)

## संत प्रेमानंद महाराज की तबियत बिगड़ी

मथुरा। वृंदावन के सुप्रसिद्ध और लोकप्रिय आध्यात्मिक संत प्रेमानंद महाराज के अचानक अस्वस्थ होने के कारण उनकी एकांत वार्ता और दैनिक पदयात्रा को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया है। पिछले दो दिनों से महाराज भक्तों से वार्ता और दर्शन नहीं कर पा रहे हैं। उनके आश्रम श्री राधा हित केली कुंज की ओर से आधिकारिक सूचना जारी करके बताया गया कि महाराज का स्वास्थ्य ठीक न होने के कारण फिलहाल एकांत वार्ता और पदयात्रा बंद की जा रही है। इस सूचना के बाद देश-विदेश से आने वाले हजारों श्रद्धालुओं में मायूसी छा गई है। उल्लेखनीय है कि वृंदावन के परिक्रमा मार्ग से संत प्रेमानंद महाराज प्रतिदिन तड़के तीन बजे अपनी पदयात्रा प्रारंभ करते थे, जहां सड़कों के दोनों ओर खड़े हजारों श्रद्धालु उनके दर्शन प्राप्त करते थे। आश्रम की ओर से जारी विशेष अपील में कहा गया है कि भक्तगण महाराज के दर्शन के (शेष पृष्ठ सात पर)



## किडनी की बीमारी से परेशान युवक ने गंगनहर में लगाई छलांग

हरिद्वार (उद संवाददाता)। किडनी की गंभीर बीमारी से जूझ रहे उत्तर प्रदेश के एक युवक ने सोमवार सुबह गंगनहर में छलांग लगा दी। युवक अपने भाई के साथ उपचार के लिए ऋषिकेश एम्स जा रहा था। घटना के बाद मौके पर पहुंची कलियर पुलिस और जल पुलिस की टीम ने गोताखोरों की मदद से गंगनहर में सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया, लेकिन दोपहर तक युवक का कोई सुराग नहीं लग पाया था। पुलिस के अनुसार उत्तर प्रदेश के कासगंज निवासी हेम सिंह उम्र 32 वर्ष पिछले काफी समय से किडनी की बीमारी से पीड़ित था। सोमवार सुबह वह अपने भाई ओम शंकर के साथ कार से दवाई लेने के लिए ऋषिकेश एम्स जा रहा (शेष पृष्ठ सात पर)



## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

### दंपत्ति पर हत्या का आरोप,युवक को बेलगढ़ ले जाकर पीटने आरोप

रामनगर। रविवार की देर रात कुछ लोगों द्वारा घायल अवस्था में एक युवक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। घटना की जानकारी अस्पताल प्रशासन द्वारा कोतवाली पुलिस को देने के बाद अस्पताल पहुंची पुलिस ने घायल युवक से पूछताछ की तो उसने अपना नाम प्रमोद उम्र पैंतीस वर्ष पुत्र पनी राम निवासी मौहल्ला बंबाघेर बताया। इसके बाद पुलिस ने घायल प्रमोद के परिजनों को जानकारी दी, जिसके बाद परिजन भी देर रात में ही अस्पताल पहुंच गए लेकिन सोमवार की सुबह तड़के उपचार के दौरान प्रमोद की मौत हो गई। मामले में मृतक के पिता पनी राम ने बताया कि ग्राम बेलगढ़ में रहने वाला शिवियां नाम का एक व्यक्ति उनके पुत्र को रामनगर से अपने साथ अपने घर ग्राम बैलगढ़ ले गया था। पनी राम का आरोप है कि उक्त व्यक्ति द्वारा उनके पुत्र को शराब पिलाई गई तथा पति पत्नी ने उनके पुत्र के साथ बेरहमी से मारपीट की। इसके बाद उनका पुत्र उक्त गांव में ही अपने एक रिश्तेदार के यहां पहुंचा, जहां फिर से उक्त पति पत्नी द्वारा उसके साथ मारपीट कर उसे गंभीर (शेष पृष्ठ 7 पर)



## मारपीट कर युवक से नकदी मोबाईल और सिलेंडर लूटा

रुद्रपुर। ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में एक युवक के साथ मारपीट और लूटपाट का मामला सामने आया है। घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है। पीड़ित सुरेन्द्र पुत्र श्याम लाल निवासी जनपथ रोड महालक्ष्मी फेज-1 ट्रांजिट कैंप ने कोतवाली ट्रांजिट कैंप में दी तहरीर में कहा है कि वह शनिवार रात करीब 8 बजे गांव से सिलेंडर लेकर वापस घर आ रहा था। तभी जनपथ रोड जेष्ठा कालोनी के आगे कुछ अज्ञात लोगों ने उसे जबरन रोक लिया। आरोप है कि बदमाश उसका सामान छीनने (शेष पृष्ठ सात पर)

## बच्चे की मौत के बाद फूटा लोगों का गुस्सा

### नगर पंचायत कार्यालय शव रखकर किया प्रदर्शन

नानकमत्ता। निर्माणाधीन तालाब में डूबने से मौत के बाद परिजनों और ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। आक्रोशित लोगों ने बच्चे का शव नगर पंचायत कार्यालय के सामने रखकर जोरदार प्रदर्शन किया और प्रशासन से मुआवजा देने तथा मामले में जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन के दौरान परिजनों का कहना था कि नगर पंचायत द्वारा कराए जा रहे तालाब सौंदर्यकरण कार्य में भारी लापरवाही बरती गई है। आरोप लगाया कि तालाब की गहराई अधिक होने के बावजूद सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं किए गए थे। गौरतलब है की कल तालाब में देव कुमार पुत्र विजयपाल निवासी नानकमत्ता वार्ड नंबर 6 की मौत हो गई थी। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया। एस आई राजेंद्र पंत पुलिस फॉर्स के साथ हालात पर नजर बनाए रहे और लोगों को शांत कराने का प्रयास करती रही। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण और स्थानीय लोग मौके पर मौजूद (शेष पृष्ठ सात पर)



## हरिद्वार को बम से उड़ाने की धमकी,नशेड़ी गिरफ्तार

### डायल 112 पर फोन कर हरकी पैड़ी को उड़ाने की दी थी धमकी

हरिद्वार (उद संवाददाता)। डायल 112 पर फोन कॉल कर एक व्यक्ति ने पुलिस को फोन कर हरिद्वार को बम से उड़ाने की धमकी देकर दहशत फैला दी। त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी को बारह घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी का नाम सोहन सिंह रावत है, जो उत्तराखंड के पौड़ी जिले का रहने वाला है। आरोपी बार बार पुलिस को धमकी देकर हरिद्वार के हरकी पैड़ी समेत कई स्थानों को न सिर्फ बम से उड़ाने की धमकी दे रहा था, बल्कि पुलिस के साथ अभद्रता और कई बड़े वीआईपी का नाम लेकर गाली गलौज भी कर रहा था। कोतवाली नगर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर फोन कॉल करने में प्रयुक्त मोबाइल भी बरामद कर लिया। एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर के अनुसार सत्रह मई की रात को सिटी कंट्रोल रूम हरिद्वार के डायल एक सौ बारह पर एक अज्ञात कॉलर द्वारा फोन कर आगामी चार दिनों के भीतर हरिद्वार को बम ब्लास्ट से उड़ाने की धमकी दी गई। कॉलर द्वारा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए देश एवं राज्य के मुख्य पदाधिकारियों के संबंध में भी आपत्तिजनक टिप्पणी की गई। इतना ही नहीं आरोपी ने फोन कॉल रिसीव करने वाली महिला (शेष पृष्ठ सात पर)



## राज्यपाल ने मां नयना देवी मंदिर में की पूजा-अर्चना

### गुरुद्वारे में मत्था टेका, प्रदेश की सुख-समृद्धि के लिए की अरदास

नैनीताल। सोमवार को राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने नैनीताल स्थित मां नयना देवी मंदिर में पूजा-अर्चना की। राज्यपाल ने मंदिर परिसर में मां नयना देवी के दर्शन कर प्रदेश की सुख-शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। मंदिर दर्शन के पश्चात राज्यपाल नैनीताल स्थित गुरुद्वारा साहिब पहुंचे, जहां उन्होंने मत्था टेककर अरदास की। इस दौरान उन्होंने गुरुद्वारा प्रबंधन से व्यवस्थाओं की जानकारी भी ली। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि नैना देवी मंदिर में दर्शन करने पर उन्हें एक विशेष आध्यात्मिक ऊर्जा और आत्मिक शांति का अनुभव होता है। उन्होंने कहा कि जब भी वे यहाँ आते हैं, एक अलग प्रकार का आशीर्वाद और आत्मिक आनंद प्राप्त होता है। राज्यपाल ने कहा कि नैनीताल झील के समीप स्थित गुरुद्वारा साहिब पवित्र स्थल सुंदरता और आध्यात्मिक वातावरण के लिए (शेष पृष्ठ 7 पर)



## स्मैक समेत एक तस्कर दबोचा

काशीपुर। प्रतापपुर चौकी पुलिस एवं कुंडेश्वरी चौकी पुलिस की संयुक्त कार्यवाही के दौरान नशे के एक कारोबारी को 4:48 ग्राम अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। कार्यवाही के बारे में पता चला है कि ऑपरेशन प्रहार के तहत कुंडेश्वरी एवं प्रतापपुर चौकी पुलिस क्षेत्र में गश्त कर रही थी इसी दौरान चेकिंग करते हुए रामनगर रोड पर धनोरी के समीप पुलिस टीम ने एक शख्स को संदिग्ध चहल कदमी करते हुए सब के आधार पर दबोच लिया। पुलिस की कड़ी पूछताछ में पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम मोहल्ला कटोरा ताल निवासी शाने आलम पुत्र अली बताया। तलाशी में उसके कब्जे से पुलिस (शेष पृष्ठ सात पर)



# विधिक जागरूकता शिविर में न्याय और अधिकारों की दी गई जानकारी

## ल्वेशाल में बहुउद्देशीय विधिक साक्षरता शिविर में दिव्यांगों को वितरित किए गए सहायक उपकरण

नैनीताल (उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के दिशा निर्देशों तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल एवं जिला न्यायाधीश प्रशांत जोशी के निर्देशन में रविवार को राजकीय इंटर कॉलेज ल्वेशाल में बहुउद्देशीय विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सिविल जज सीडी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पारुल थपलियाल के नेतृत्व में किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय नैनीताल के न्यायाधीश एवं कार्यपालक अध्यक्ष उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी मौजूद रहे। उनके साथ मंजु तिवारी, सदस्य सचिव राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण प्रदीप मणि त्रिपाठी तथा विशेष कर्तव्य अधिकारी हर्ष यादव भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी विवेक राय और एसपी क्राइम जगदीश चन्द ने भी प्रतिभाग करते हुए आमजन को विधिक जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम की शुरुआत अपर जिला न्यायाधीश कुलदीप शर्मा द्वारा मुख्य अतिथि के स्वागत अभिनंदन के साथ हुई।



मंच संचालन प्रथम न्यायिक मजिस्ट्रेट उर्वशी रावत ने किया। अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर राजकीय इंटर कॉलेज ल्वेशाल के छात्र छात्राओं ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत किया, जबकि राजकीय इंटर कॉलेज मोना के विद्यार्थियों ने कुमाऊंनी नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। वहीं लोक सूचना विभाग द्वारा नशा मुक्त उत्तराखण्ड विषय पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। शिविर के दौरान छात्र छात्राओं की चित्रकला और निबंध प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा वित्तीय वर्ष 2025 26 में हाईस्कूल परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र छात्राओं तथा 21 पैरा लीगल वालंटियर्स को भी सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों द्वारा समाज कल्याण विभाग, सुनिधि विकास संस्था हल्द्वानी और ऑनलाइन संस्था हल्द्वानी के सहयोग से दिव्यांगजनों को व्हीलचेयर, कान की मशीन और लाठी वितरित की गई। वहीं गर्ल्स हू क्राफ्ट संस्था द्वारा बच्चों को स्वेटर भी वितरित किए गए। सदस्य सचिव प्रदीप मणि त्रिपाठी ने अपने संबोधन में राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की योजनाओं की जानकारी देते हुए ग्रामीण स्तर पर आयोजित किए जाने वाले जागरूकता शिविरों, वन विलेज वन प्रो बोनो पीएलवी योजना और मुकदमा मुक्त ग्राम पहल के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि जिस ग्राम में कोई मुकदमा नहीं होता, उसे आदर्श ग्राम मानते हुए मुकदमा मुक्त ग्राम के रूप में सम्मानित किया जाता है। न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी ने कहा कि ऐसे शिविरों का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुंचाना है, विशेषकर उन लोगों तक जिनके पास सीमित संसाधन हैं। उन्होंने कहा कि विधिक सेवा केवल न्यायालयों तक सीमित नहीं है, बल्कि लोगों को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना भी इसका महत्वपूर्ण उद्देश्य है। उन्होंने लोगों से जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बनने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि और अन्य न्यायिक अधिकारियों द्वारा विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया तथा विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण भी किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा जनसेवा शिविर लगाकर आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाइयों का वितरण भी किया गया। शिविर में बाह्य न्यायालय हल्द्वानी और रामनगर के न्यायिक अधिकारी, उप जिलाधिकारी नवाजिश, विभिन्न विभागों के अधिकारी और बड़ी संख्या में पीएलवी मौजूद रहे।

# गूलरभोज में फुटपाथ और नाली निर्माण कार्य का हुआ शिलान्यास

गूलरभोज (उद संवाददाता)। गूलरभोज नगर पंचायत में विकास कार्यों को गति देते हुए गूलरभोज चौराहे सुभाष चौक से हरिपुरा जलाशय डाम रोड के दोनों ओर फुटपाथ और नाली निर्माण कार्य का भव्य शिलान्यास किया गया। इस महत्वपूर्ण निर्माण कार्य का शुभारंभ उत्तराखंड किसान आयोग के उपाध्यक्ष सरदार सुरेंद्र सिंह नामधारी, सुखदेव सिंह नामधारी एवं नगर पंचायत अध्यक्ष सतीश चुग के द्वारा संयुक्त रूप से भूमि पूजन कर किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि इस मार्ग पर फुटपाथ और नाली का निर्माण होने से स्थानीय निवासियों और व्यापारियों को जलभराव की समस्या से मुक्ति मिलेगी, साथ ही यातायात भी सुगम होगा। नगर के विकास के लिए बुनियादी ढांचे को मजबूत करना बेहद जरूरी है और इस दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इस शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के विभिन्न सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्रों से जुड़े गणमान्य लोग सहित नगर पंचायत के अधिकारी और कर्मचारी मुख्य रूप से उपस्थित थे।



# 'अदम्य' समारोह में दिखी विद्यार्थियों की प्रतिभा और ऊर्जा

## कृषि महाविद्यालय की कृषि समिति ने गांधी हॉल में आयोजित किया भव्य सांस्कृतिक एवं सम्मान समारोह

पंतनगर (उद संवाददाता)। कृषि समिति, कृषि महाविद्यालय द्वारा आयोजित बहुप्रतीक्षित सांस्कृतिक एवं सम्मान समारोह "अदम्य" का भव्य आयोजन विश्वविद्यालय के ऐतिहासिक गांधी हॉल में उत्साह, उल्लास और गरिमामय वातावरण के बीच सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में विद्यार्थियों की प्रतिभा, रचनात्मकता और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ शिवेन्द्र कुमार कश्यप मौजूद रहे। उनके साथ विश्वविद्यालय और महाविद्यालय के अनेक वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। कार्यक्रम में डॉ सुभाष चंद्र, अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय, डॉ विपिन चंद्र ध्यानी, अधिष्ठाता छात्र कल्याण, डॉ अलका गोयल, अधिष्ठाता सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय, डॉ जे पी जायसवाल, निदेशक संचार, डॉ अजीत कपूर, प्राध्यापक उद्यान विज्ञान विभाग, डॉ के पी रावेरकर, प्राध्यापक मृदा विज्ञान विभाग तथा सह स्टाफ काउंसलर डॉ रश्मि पंवार विशेष रूप से उपस्थित रहीं। मुख्य अतिथि डॉ शिवेन्द्र कुमार कश्यप ने विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत ऊर्जा से भरपूर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की



सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों को टीम भावना के साथ कार्य करने का अवसर प्रदान करते हैं और उनमें नेतृत्व क्षमता का विकास करते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे मंच विद्यार्थियों की छिपी प्रतिभाओं को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। समारोह से पूर्व 3 मई से 16 मई तक "अदम्य" के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों और प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। "कृषि सप्ताह" के दौरान बौद्धिक, खेलकूद और सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजयी प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि और अन्य अधिकारियों द्वारा पदक और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने विद्यार्थियों को निरंतर बेहतर प्रदर्शन करने, अपनी प्रतिभा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रेरित किया। इसके अलावा कृषि समिति की विभिन्न उप समितियों और उनके सदस्यों को पूरे वर्ष उत्कृष्ट कार्य, समर्पण और संस्थान के प्रति योगदान के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

# राज्य स्तरीय वोविनाम प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दम

## सात जिलों के 220 खिलाड़ियों ने लिया भाग, जम्मू कश्मीर में होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हुआ चयन

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। वोविनाम एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड द्वारा आयोजित एक दिवसीय उत्तराखंड राज्य स्तरीय वोविनाम प्रतियोगिता दो हजार छब्बीस का आयोजन शिवालिक हाल परिसर, मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम रुद्रपुर में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में उत्तराखंड प्रदेश के सात जिलों से एक सौ इक्कीस बालक एवं निन्यानवे बालिकाओं सहित कुल दो सौ बीस खिलाड़ियों ने प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि मदर इंडिया ग्लोबल स्कूल के डायरेक्टर डॉ. ए.जे. बटसर, विशिष्ट अतिथि सेठ जयपुरिया स्कूल के प्रिंसिपल पंकज शर्मा, सुमन व्यास, पंकज मिगलानी, वोविनाम एसोसिएशन के अध्यक्ष ऋषि पाल भारती, महासचिव विनोद लखेरा, कोषाध्यक्ष किशोर सिंह, टूर्नामेंट टेक्निकल डायरेक्टर देवेंद्र सिंह रावत सहित अन्य गणमान्य लोगों द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. ए.जे. बटसर ने अपने संबोधन में कहा कि खेल केवल जीत हार नहीं, बल्कि अनुशासन, चरित्र निर्माण और आत्मविश्वास का माध्यम है। वोविनाम जैसे मार्शल आर्ट से हमारे युवा शारीरिक रूप से सशक्त होने के साथ साथ मानसिक रूप से भी मजबूत बनते हैं। उत्तराखंड में इस खेल को बढ़ावा देना सराहनीय प्रयास है। विशिष्ट अतिथि पंकज शर्मा ने कहा कि विद्यालय स्तर पर खेलों को प्रोत्साहित







करना आवश्यक है। वोविनाम युवाओं में आत्मरक्षा, अनुशासन और सम्मान की भावना विकसित करता है। ऐसे आयोजनों से ग्रामीण और शहरी प्रतिभाओं को समान मंच मिलता है। सुमन व्यास ने कहा कि बालिकाओं की इतनी बड़ी भागीदारी देखकर हर्ष हो रहा है। यह दर्शाता है कि खेलों में लड़कियाँ भी किसी से कम नहीं। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। महासचिव विनोद लखेरा ने कहा कि यह प्रतियोगिता अनुशासन और टीम वर्क का उत्कृष्ट उदाहरण रही और सभी खिलाड़ियों ने खेल भावना का परिचय दिया। प्रदेश अध्यक्ष ऋषिपाल भारती ने बताया कि आयोजन के दौरान सभी मुकाबले निष्पक्ष, अनुशासित और चोट मुक्त संपन्न हुए, जो उत्तराखंड में वोविनाम की बढ़ती साख का प्रमाण है। इस प्रतियोगिता ने उत्तराखंड के खेल इतिहास में वोविनाम को नई पहचान दी है और भविष्य में राज्य से राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी उभरेंगे। सभी चयनित खिलाड़ी अब आगामी राष्ट्रीय वोविनाम प्रतियोगिता, जो जम्मू कश्मीर में आयोजित होगी, में उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतियोगिता समापन के मुख्य अतिथि कुमाऊं कालरी की सचिव अश्वनी बहेल एवं मनोज कुमार सहित अन्य अतिथियों ने विजेता खिलाड़ियों को पदक पहनाकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर नैनीताल टीम ने प्रथम, ऊधम सिंह नगर टीम ने दूसरा व हरिद्वार टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। सभी अतिथियों ने ट्रॉफी देकर टीमों को पुरस्कृत किया। सब जूनियर बालिका वर्ग में दीक्षिता नयाल, आर्या गुप्ता, अनाया जोशी, काव्या बिष्ट, रिद्धि खाती, शिवान्या गोस्वामी, सुनंदा रावत, सृष्टि, समृद्धि जोशी, अंजली जंगपांगी, जूनियर बालिका वर्ग में तेजस्विनी, कुमकुम बिष्ट, यशिका बिष्ट, निकिता सती, कोमल, अपराजिता श्रीवास्तव, पलक एवं सीनियर महिला वर्ग में कंचन बसेरा, करुणा लखेरा, चित्रांशी जोशी ने स्वर्ण पदक जीते। सब जूनियर बालक वर्ग में अभियांश गंगवार, लविश सिंह, मानविक ऐरी, आरव भारद्वाज, ऋषभ भट्ट, अभियांश सिंह, शौर्य गुप्ता, अशांक अग्रवाल, निकुंज रावत, देवांश कुमार, मयंक पंवार, प्रियांशु, जूनियर वर्ग में शिवम कुमार, अभ्युदय शर्मा, लक्ष्य, दपहाल शर्मा, अमन सिंह, सीनियर पुरुष वर्ग में सागर सिंह, करन, गुलशन कुमार, विक्रम, शिवम, वंश बिष्ट, क्षितिज सिंह ने स्वर्ण पदक जीते। प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर बालिका सब जूनियर वर्ग में हरिद्वार की आर्य गुप्ता, जूनियर वर्ग में ऊधम सिंह नगर की कोमल, नैनीताल की यशिका बिष्ट एवं बालक वर्ग में ऊधम सिंह नगर के कुशाग्र तिवारी, जूनियर वर्ग में नैनीताल के आर्यन टम्टा, ऊधम सिंह नगर के अमन सिंह को बेस्ट फाइटर अवॉर्ड ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। वोविनाम एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड ने सभी प्रतिभागियों, कोच, रेफरी, आयोजक टीम, मेडिकल टीम, जिला प्रशासन एवं सहयोगी संस्थाओं का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला क्रीड़ा अधिकारी जानकी कार्की, जिला अधिकारी नितिन भदौरिया का विशेष आभार व्यक्त किया गया, जिनके सहयोग से आयोजन सुचारु रूप से संपन्न हुआ। रेफरी की भूमिका में हेमा भट्ट, गंगा मेहरा, विनोद लखेरा, अमित चौधरी सहित सभी ऑफिशियल्स ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस अवसर पर अमित चौधरी, शिवानी गुप्ता, विनोद वैद्य, विक्रम सिंह, गुलशन कुमार, किशन आनंद, मुकेश सैनी, कृष्ण साना, अखिलेश पंकज सिंह, अरुण रस्तोगी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# बाल संस्कार शिविर में बच्चों ने सीखे राष्ट्रभक्ति और रचनात्मकता के गुर

## भारत विकास परिषद के पंच दिवसीय शिविर में 127 बालिकाओं का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। भारत विकास परिषद रुद्रपुर शाखा द्वारा सरस्वती विद्या मंदिर में 11 मई 2026 से आयोजित पंच दिवसीय बाल संस्कार शिविर उत्साह, संस्कार एवं ज्ञानवर्धक गतिविधियों के साथ सम्पन्न हुआ। शिविर का मुख्य उद्देश्य बच्चों में राष्ट्रभक्ति, स्वास्थ्य जागरूकता, रचनात्मकता एवं आत्मविश्वास का विकास करना रहा। शिविर के प्रत्येक दिवस का शुभारम्भ स्वामी विवेकानन्द एवं भारत माता के चित्र पर पुष्पार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके साथ ही बच्चों द्वारा वन्दे मातरम् एवं देश हमें देता है सब कुछ जैसे देशभक्ति गीतों का सामूहिक गायन भी किया गया। शिविर के प्रथम दिवस पर डॉ. अनीता महाजन ने बच्चों को पीसीओडी, ल्यूकोरिया एवं एनीमिया जैसी स्वास्थ्य समस्याओं की जानकारी दी, वहीं 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन से चाँदनी रावत ने बच्चों को शोषण से बचाव एवं सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। आर्ट एंड क्राफ्ट सत्र में माही मैडम ने वेस्ट बोतल डेकोरेशन सिखाया। द्वितीय दिवस पर डाइटीशियन दीप्ति सलूजा ने पौष्टिक आहार, आयरन एवं विटामिन की कमी तथा संतुलित भोजन के महत्व पर जानकारी दी। इसके साथ ही बच्चों को पत्थरों की सजावट के माध्यम से रचनात्मक गतिविधियों से भी जोड़ा गया। तृतीय दिवस पर काउंसलर वैभव सर ने बच्चों को अपनी प्रतिभा पहचानकर भविष्य निर्माण हेतु प्रेरित किया, वहीं सौरभ पाल सर एवं सौरभ सर ने पुराने अखबारों से आकर्षक फोटो फ्रेम बनाना सिखाया। चतुर्थ दिवस पर बच्चों ने विभिन्न संस्कारात्मक, शैक्षणिक एवं मनोरंजक गतिविधियों में उत्साहपूर्वक सहभागिता की। खेल एवं रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया। पंचम दिवस पर आयोजित एनीमिया शिविर में भारत पैथ लैब के सहयोग से 127 बालिकाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर के दौरान शाखा अध्यक्ष आनंद अग्रवाल, प्रांतीय अध्यक्ष मनोज अरोरा, प्रांतीय संयोजक विष्णु सक्सेना, प्रांतीय कोषाध्यक्ष अमित गंभीर, शाखा सचिव राजेश सलुजा सहित अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। महिला सहभागिता में नीतू अग्रवाल, पारूल गुप्ता, रेखा अरोरा, रीना अग्रवाल, कविता बंसल, प्रियंका अग्रवाल, लवी जैन सहित अनेक मातृशक्ति सदस्यों का सराहनीय सहयोग रहा। शिविर के समापन पर सभी बच्चों को अल्पाहार वितरित किया गया तथा राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।





# नशे के खिलाफ देहरादून में होगा राष्ट्रीय मंथन, जुटेंगे देशभर के प्रतिनिधि

रामनगर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड को नशा मुक्त बनाने के संकल्प के साथ नशा मुक्ति जन जागरण संयुक्त अभियान समिति उत्तराखंड एवं राष्ट्रीय शराबबंदी संयुक्त मोर्चा नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 24 और 25 मई को देहरादून स्थित जैन धर्मशाला में दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इस महासम्मेलन में देश के विभिन्न राज्यों से सामाजिक संगठनों, आंदोलनकारियों और नशा मुक्ति अभियानों से जुड़े प्रतिनिधि मुख्य रूप से भाग लेंगे। आयोजन समिति के सदस्य एवं राज्य आंदोलनकारी प्रभात ध्यानी ने रामनगर में आयोजित पत्रकार वार्ता में बताया कि सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य देशभर में नशे के खिलाफ चल रहे अभियानों के अनुभवों को साझा करना और भविष्य की संयुक्त रणनीति तैयार करना है। उन्होंने कहा कि नशा आज केवल व्यक्तिगत समस्या नहीं रह गया है, हीरोइन, ब्राउन शुगर, नशे के इंजेक्शन और अन्य सूखे नशे की उपलब्धता गांव गांव और गली गली तक पहुंच चुकी है।



बल्कि यह एक गंभीर राष्ट्रीय संकट का रूप ले चुका है। प्रभात ध्यानी ने कहा कि सरकार द्वारा संचालित देसी विदेशी शराब की दुकानों और बार के अलावा प्रतिबंधित नशे जैसे चरस, गांजा, स्मैक, इसका सबसे अधिक घातक असर बच्चों और युवाओं पर पड़ रहा है। उन्होंने गहरी चिंता जताते हुए कहा कि नशे के बढ़ते चलन के कारण अपराध, सड़क दुर्घटनाओं और सामाजिक विघटन की घटनाओं में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि नशे के अवैध कारोबार से जुड़े तस्कर और माफिया तंत्र पर अपना प्रभाव बना चुके हैं तथा सामाजिक, धार्मिक और राजनीतिक आयोजनों में आर्थिक सहयोग देकर सामाजिक स्वीकार्यता हासिल कर रहे हैं, जिससे समाज और व्यवस्था दोनों को गंभीर नुकसान पहुंच रहा है। प्रभात ध्यानी ने सामाजिक, सांस्कृतिक, शैक्षणिक, व्यापारिक, छात्र, महिला, किसान और मजदूर संगठनों से अपील की कि वे नशे के खिलाफ इस मुहिम में एकजुट होकर हिस्सा बनें और देहरादून में आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन को सफल बनाएं। इस पत्रकार वार्ता के दौरान आसिफ, लालमणि, चिंताराम और एस.आर. टम्टा सहित कई लोग मौजूद रहे।

# मैदानी जिलों में चिलचिलाती धूप से लोग बेहाल,20 मई से फिर बदलेगा मौसम

देहरादून। उत्तराखंड में इन दिनों मौसम का 'डबल रोल' देखने को मिल रहा है। मैदानी जिलों में चिलचिलाती धूप तो पहाडों में बारिश ओर आंधी तूफान से जनता परेशान हैं। मौसम विभाग की माने तो 18 और 19 मई को प्रदेश में मौसम शुष्क बना रहेगा।मौसम विभाग की ओर से जारी किये पूर्वानुमान के अनुसार 18 और 19 मई को पूरे उत्तराखंड में मौसम पूरी तरह से शुष्क बना रहने की संभावना है। इस दौरान कहीं भी बारिश होने के आसार नहीं हैं। हालांकि तेज धूप से तापमान में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। वैज्ञानिकों की माने तो 20, 21 और 22 मई को प्रदेश में एक बार फिर मौसम करवट लेगा। मौसम विभाग ने 20 मई से रुद्रप्रयाग, चमोली, उत्तरकाशी, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिले में पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के कारण बहुत बारिश, गरज–चमक और ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी देखने को मिल सकती है।मौसम विभाग की माने तो केरल में 26 तारीख तक मानसून पहुंचने के ऐलान के बाद, उत्तराखंड में भी इसके समय से पहले आने की अटकलें तेज हो गई हैं। मौसम विभाग के निदेशक सीएस तोमर के अनुसार, ज्यादातर प्रदेश में मानसून 25 जून तक पूरी तरह सक्रिय होता है, लेकिन इस बार यह 20 जून के आसपास दस्तक दे सकता है।

# प्रयागराज में मिली आईटीआई क्षेत्र से भगाई युवती, आरोपी गिरफ्तार

काशीपुर। आईटीआई थाना अंतर्गत पैगा पुलिस चौकी क्षेत्र के एक गांव से बीते 7 में को बहला फुसलाकर कर भगाई गई युवती को पुलिस टीम ने यूपी के प्रयागराज जनपद से सकुशल बरामद कर लिया। बीते 7 मई को चौकी क्षेत्र निवासी



एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी 22 वर्षीय पुत्री को कंपन मशीन चलाने वाला गांव बांसखेड़ा निवासी आलम पुत्र मोबीन बहला फुसलाकर कहीं भगा ले गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। लड़की को बरामद करने के लिए पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित पुलिस टीम ने सुरागरसी करते हुए गायब युवती को आरोपी के साथ उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जनपद से सकुशल बरामद कर लिया।

# समस्त कामनाओं का परित्याग कर ही प्राप्त होता है ब्रह्म भाव : हरि चैतन्यपुरी

गढीनेगी (उद संवाददाता)। श्री हरि कृपा पीठाधीश्वर व संत स्वामी श्री हरि चैतन्य पुरी जी महाराज ने यहाँ श्री हरि कृपा धाम आश्रम में उपस्थित विशाल भक्त समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि संत, गुरु, शास्त्र या ग्रंथ इनके पास क्या है यह इतना महत्वपूर्ण नहीं जितना यह कि श्रोता उनसे क्या ग्रहण करता है। बुद्धिमान वही कहलाता है जो व्यवहार करने से पूर्व विचार करता है। अपने विवेक को कभी खोना नहीं चाहिए। स्व: सम्मान को कभी प्राप्ति का लक्ष्य नहीं बनाना चाहिए क्योंकि सम्मान को लक्ष्य बनाने पर यदि सम्मान नहीं मिला तो क्षुब्ध होना पड़ता है। विद्वान व्यक्ति अपनी संपूर्ण कामनाओं को संकुचित कर हर प्रकार के बंधनों से मुक्त हो जाता है। समस्त कामनाओं का परित्याग करके ही मनुष्य ब्रह्म भाव को प्राप्त करता है। सत्पुरुषों का आचरण व



कार्य सदैव अनुकरणीय होता है। उन्होंने कहा कि मानव मन को धर्म व अध्यात्म से ही नियंत्रित किया जा सकता है। इसलिए धर्म विहीन मनुष्य को पशु तुल्य कहा गया है।आज लोगों के धर्म से भी विमुख होने के कारण ही मानवता की कमी भी दिखाई देने लगी है। हमें समाज को बदलने के लिए लोगों की दृष्टि बदलने की आवश्यकता है। किसी को सुधारने से पहले स्वयं को सुधारना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि सतंता के मार्ग पर बढ़ना चाहे तो अपने अन्दर क्षमा, करुणा, उदारता, कृपा आदि सद्गुणों को अपनाएं। अपने धाराप्रवाह प्रवचनों से उन्होंने सभी को मंत्रमुग्ध व भावविभोर कर दिया । सारा वातावरण भक्तिमय हो गया व "श्री गुरु महाराज", "कामां के कन्हैया ", "लाठी वाले भैय्या" की जय जयकार से गूंज उठा । आगामी 9 से 12 जून तक 67वां श्री हरि प्राकट्योत्सव एंव विराट धर्म सम्मेलन श्री हरि कृपा धाम आश्रम गढीनेगी में आयोजित होगा। जिसमें लाखों श्रद्धालु धर्म लाभ अर्जित करने पहुँचेंगे। इससे पूर्व गढीनेगी पधारने पर विशाल भक्त समुदाय ने श्री महाराज जी का भव्य स्वागत किया। श्री महाराज जी ने श्री हरेश्वर महादेव का महाभिषेक भी किया ।

# भारत बंद पर उत्तराखंड में टकराव के आसार

## केमिस्ट एसोसिएशन की बंद की अपील, औषधि विभाग ने दी कार्रवाई की चेतावनी

हल्द्वानी/देहरादून। 20 मई को प्रस्तावित राष्ट्रव्यापी दवा व्यापार बंद को लेकर उत्तराखंड में टकराव की स्थिति बनती नजर आ रही है। एक ओर केमिस्ट संगठनों ने प्रदेशभर के मेडिकल स्टोर संचालकों से दुकानें बंद रखने की अपील की है, वहीं दूसरी ओर राज्य के खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने आवश्यक सेवाएं बाधित न करने के निर्देश देते हुए सख्त कार्रवाई की चेतावनी जारी की है।देशभर के दवा व्यापारियों द्वारा ई–फार्मेसी, ऑनलाइन दवा बिक्री, भारी छूट और कॉरपोरेट कंपनियों के बढ़ते दबाव के विरोध में 20 मई को एक दिवसीय भारत बंद का आह्वान किया गया है। उत्तराखंड में भी केमिस्ट एसोसिएशन से जुड़े पदाधिकारी हल्द्वानी सहित विभिन्न जिलों में व्यापारियों से इस बंद में भागीदारी की अपील कर रहे हैं। व्यापारियों का कहना है कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म और कॉरपोरेट प्रतिस्पर्धा के चलते छोटे मेडिकल स्टोर संचालकों का व्यवसाय गंभीर संकट में है। इधर, उत्तराखंड खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने संबंधित संगठनों को पत्र जारी कर स्पष्ट किया है कि दवा व्यवसाय आवश्यक सेवाओं की श्रेणी में आता है और इसका सीधा संबंध जनस्वास्थ्य से है। विभाग ने कहा है कि मेडिकल स्टोर बंद होने से मरीजों और आम जनता को दवाएं उपलब्ध नहीं हो पाएंगी, जिससे गंभीर स्वास्थ्य संकट उत्पन्न हो सकता है। विभाग ने अपने पत्र में यह भी उल्लेख किया है कि ऑनलाइन दवा बिक्री समेत व्यापारियों की विभिन्न मांगों को पूर्व में शासन स्तर पर भेजा जा चुका है। इसके बावजूद जनहित को देखते हुए मेडिकल स्टोर बंद करना उचित नहीं माना जा सकता। यदि शासन के निर्देशों की अवहेलना करते हुए आवश्यक सेवाएं बाधित की गईं, तो संबंधित लाइसेंसधारकों एवं संगठनों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। औषधि विभाग के इस कड़े रुख के बाद प्रदेशभर के दवा व्यापारियों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। कई दुकानदार संगठन के समर्थन और विभागीय कार्रवाई की आशंका के बीच निर्णय लेने की स्थिति में नहीं हैं। अब सबकी निगाहें 20 मई पर टिकी हैं कि प्रदेशभर में मेडिकल स्टोर बंद रहते हैं या सामान्य रूप से खुले रहते हैं। स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े इस मुद्दे ने व्यापारिक संगठनों और प्रशासनिक तंत्र के बीच नई बहस को जन्म दे दिया है।

# पति से हुए झगड़े के बाद महिला फांसी पर झूली

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में पति से हुए झगड़े के बाद महिला ने दोपहर में फंदा लगा लिया। उसका शव फांसी पर लटका पाया गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर महिला को फांसी से उतारकर चिकित्सालय पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस के अनुसार रविवार सुबह पुलिस को सूचना मिली कि ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में एक महिला ने आत्महत्या कर ली है। इस पर उपनिरीक्षक महेश कांडपाल टीम के साथ पहुंचे। मौके पर मृतका बसंती सरकार का पति चंदन सरकार, ससुर नान्टू सरकार और मायके पक्ष के लोग मिले। पूछताछ करने पर पता चला कि मृतका का शनिवार रात पति साथ विवाद हुआ था। रविवार सुबह दोनों के बीच फिर कहासुनी हुई। इसके बाद बसंती घर की छत पर बने स्टोर रूम में चली गई। कुछ देर बाद जब परिजन उसे बुलाने के लिए छत पर गए तो बसंती का शव चुनरी के सहारे फंदे से लटका था। परिजनों ने बताया कि विवाह को सात वर्ष से कम समय हुआ था। तहसीलदार दिनेश कुटोला ने परिजनों की मौजूदगी में पंचायतनामा भरा। सीओ डीआर वर्मा ने बताया कि घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

# मेधावी छात्र देश और समाज की सबसे बड़ी शक्ति: सीएम

## मुख्य सेवक सदन में आयोजित समारोह में मेधावी छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय स्थित मुख्य सेवक सदन में आयोजित मेधावी छात्र सम्मान समारोह में प्रतिभाग करते हुए प्रदेश के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि विद्यार्थी किसी भी समाज और राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति होते हैं तथा देश और प्रदेश का भविष्य उनकी प्रतिभा, मेहनत और संकल्प पर निर्भर करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अमर उजाला द्वारा मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करने की यह पहल अत्यंत सराहनीय है, जो युवा प्रतिभाओं का उत्साहवर्धन करने के साथ-साथ अन्य विद्यार्थियों को भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित करती है। उन्होंने इस वर्ष उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा में





विद्यार्थियों के उत्कृष्ट परिणाम पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विशेष रूप से बेटियों के शानदार प्रदर्शन की सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि जीवन में सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। निरंतर परिश्रम, अनुशासन और आत्मविश्वास ही सफलता की वास्तविक कुंजी है। उन्होंने विद्यार्थियों से बड़े सपने देखने और उन्हें साकार करने के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर शिक्षकों और अभिभावकों की भूमिका को भी महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण और भविष्य को आकार देने में गुरुजनों एवं माता-पिता का सबसे बड़ा योगदान होता है। उन्होंने कहा कि शिक्षक राष्ट्र निर्माण के वास्तविक शिल्पकार हैं और विद्यार्थियों को केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि संस्कार, अनुशासन और जिम्मेदार नागरिकता के मूल्य भी प्रदान करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर सुधार, नवाचार, डिजिटल लर्निंग और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने के संकल्प की पूर्ति में शिक्षित, सक्षम और आत्मनिर्भर युवा शक्ति की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा गुणवत्तापरक शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बोर्ड परिक्षाओं में 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले लगभग 28 प्रतिशत विद्यार्थी हैं, जबकि 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 12 प्रतिशत विद्यार्थी हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत राज्य में विद्यार्थियों को वैदिक गणित, रामायण, महाभारत, राज्य की संस्कृति और अध्यात्म का ज्ञान भी दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य ने स्कूली शिक्षा रैंकिंग में शीर्ष 10 राज्यों में स्थान प्राप्त किया है। इस अवसर पर अपर सचिव बंशीधर तिवारी और अमर उजाला के संपादक अनूप बाजपेयी मौजूद थे।







# लिटिल किंगडम स्कूल में विद्यालय संसद का गठन

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। लिटिल किंगडम प्रिपरेटरी स्कूल, रुद्रपुर में शैक्षणिक सत्र दो हजार छब्बीस सत्ताईस के लिए इन्वेस्टिचर सेरेमनी का आयोजन अट्ठारह मई दो हजार छब्बीस को अत्यंत उत्साह, अनुशासन एवं गरिमामय वातावरण में किया गया। यह अवसर विद्यालय के लिए अत्यंत गौरवपूर्ण एवं प्रेरणादायक रहा, जिसमें नवनिर्वाचित छात्र परिषद् के सदस्यों ने सम्मानित अतिथियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों की उपस्थिति में अपने दायित्वों का औपचारिक रूप से कार्यभार ग्रहण किया। समारोह का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, उत्तरदायित्व, अनुशासन एवं समर्पण की भावना का विकास करना था। कार्यक्रम का शुभारम्भ भव्य मार्च पास्ट के साथ हुआ, जिसने पूरे वातावरण को आत्मविश्वास से भर दिया। ढोल की उत्साहवर्धक ध्वनि के बीच नवनिर्वाचित परिषद् सदस्यों ने पूरे आत्मविश्वास एवं गरिमा के साथ मार्च किया। समारोह की औपचारिक शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। विद्यालय के निदेशक हरिन्दर सिंह पुरी, वरिष्ठ प्रशासक परविंदर पुरी, प्रधानाचार्या गायत्री खन्ना, उपप्रधानाचार्या सिमरन पुरी एवं समन्वयक लक्ष्य शर्मा द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित किया गया। समारोह का मुख्य आकर्षण बैज एवं सैश





वितरण रहा, जिसमें नवनिर्वाचित छात्र परिषद् सदस्यों को औपचारिक रूप से बैज एवं सैश पहनाकर उन्हें उनके अधिकार, विश्वास एवं उत्तरदायित्व का प्रतीक सौंपा गया। शैक्षणिक सत्र दो हजार छब्बीस सत्ताईस के लिए निर्वाचित छात्र परिषद् में स्कूल कैप्टन के रूप में मंथन श्रीवास्तव (कक्षा पांच), स्पोर्ट्स कैप्टन अब्दुल अहद (कक्षा पांच), हेड बॉय मनन सुगरा (कक्षा पांच), हेड गर्ल भूमि चौहान (कक्षा पांच), स्वच्छता प्रभारी अंकिता गोंड (कक्षा पांच) तथा इंग्लिश स्पीकिंग इंचार्ज इंशा अंसारी (कक्षा पांच) को जिम्मेदारी सौंपी गई। विद्यालय ने हाउस कैप्टन एवं वाइस कैप्टन की भी घोषणा की। कल्पना चावला हाउस के कैप्टन मोहित सिंह (कक्षा पांच) एवं वाइस कैप्टन कांशिका प्रभाकर (कक्षा चार), आर्यभट्ट हाउस के कैप्टन अंकुश देव (कक्षा पांच) एवं वाइस कैप्टन ईशांत झावर (कक्षा चार), एपीजे अब्दुल कलाम हाउस के कैप्टन युवराज पाल (कक्षा पांच) एवं वाइस कैप्टन गुरदीक्षा सिंह (कक्षा चार) तथा बचेंद्री पाल हाउस के कैप्टन वैभव हलधर (कक्षा पांच) एवं वाइस कैप्टन हिमांशु (कक्षा चार) को जिम्मेदारी सौंपी गई। विद्यालय द्वारा अनुशासन व्यवस्था को मजबूत बनाने हेतु डिसिप्लिन हेड्स का भी चयन किया गया, जिसमें कक्षा तीन के लिए निहित मिगलानी एवं अथर्व वैद्य, कक्षा चार के लिए भाव्या रावत एवं वान्या गुप्ता तथा कक्षा पांच के लिए रोहन रावत एवं निरिप राज को जिम्मेदारी प्रदान की गई। समारोह का सबसे महत्वपूर्ण क्षण शपथ ग्रहण समारोह रहा, जिसका संचालन प्रधानाचार्या गायत्री खन्ना द्वारा किया गया। उन्होंने नवनिर्वाचित परिषद् सदस्यों को ईमानदारी, अनुशासन, निष्ठा एवं समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने की शपथ दिलाई। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि नेतृत्व केवल एक पद नहीं, बल्कि एक बड़ी जिम्मेदारी है। वरिष्ठ प्रशासक परविंदर पुरी ने भी सभी निर्वाचित विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए प्रेरणादायक संदेश दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को बॉस नहीं बल्कि सहायक एवं मार्गदर्शक बनने की सीख दी तथा विनम्र रहकर सभी की सहायता करने के लिए प्रेरित किया। उपप्रधानाचार्या सिमरन पुरी एवं समन्वयक लक्ष्य शर्मा ने भी विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की तथा अभिभावकों के निरंतर सहयोग एवं विश्वास के लिए आभार व्यक्त किया।

# जसपुर में आधुनिक बास्केटबॉल कोर्ट का बहुगुणा ने किया लोकार्पण





जसपुर। क्षेत्र के युवाओं को खेल सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए पूर्व विधायक डॉ. शैलेन्द्र मोहन सिंघल द्वारा अपने पिता स्वर्गीय हरगोविंद प्रसाद सिंघल की स्मृति में तैयार कराए गए आधुनिक बास्केटबॉल कोर्ट का रविवार को भव्य उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के कैबिनेट मंत्री ैनतंझी ठीनहनद रहे, जिन्होंने फीता काटकर कोर्ट का लोकार्पण किया। इस अवसर पर मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि राज्य सरकार युवाओं को खेलों से जोड़ने और उन्हें बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए चारधाम यात्रा की व्यवस्थाओं की भी सराहना की। आवास विकास रोड स्थित इस बास्केटबॉल कोर्ट का निर्माण पूर्व विधायक डॉ. शैलेन्द्र मोहन सिंघल ने क्षेत्र के खिलाड़ियों की मांग को देखते हुए कराया है। उन्होंने बताया कि लंबे समय से जसपुर के खिलाड़ी आधुनिक खेल मैदान की मांग कर रहे थे। युवाओं की जरूरत को समझते हुए उन्होंने अपनी निजी भूमि पर यह कोर्ट विकसित कराया, जिससे खिलाड़ियों को अभ्यास के लिए बेहतर मंच मिल सके। उद्घाटन के दौरान मंत्री सौरभ बहुगुणा ने स्वयं बास्केट में गेंद डालकर खेल मैदान का शुभारंभ किया। इसके बाद वारियर्स क्लब और ग्लैडिएटर क्लब के बीच उद्घाटन मैच खेला गया, जिसमें ग्लैडिएटर क्लब विजेता रहा। विजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया, जबकि उपविजेता टीम को भी पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में अंडर-16 राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पुडुचेरी से लौटकर आई ब्राइट स्टार्ट स्कूल की खिलाड़ी राधिका को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। मंत्री ने कहा कि डॉ. सिंघल का यह प्रयास निश्चित रूप से क्षेत्र के युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करेगा। जसपुर में लंबे समय से स्टेडियम निर्माण की मांग उठती रही है। इस पर मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री च्चोंतैपदही कींउप इस विषय को गंभीरता से ले रहे हैं और जल्द ही सकारात्मक पहल की जाएगी। कार्यक्रम में सनी प्रधान, पुष्पेंद्र सिंघल, सिद्धार्थ सिंघल, तीरथ सिंह, उमा बिश्नोई, अनिल नागर, अंकुर बिश्नोई, हरिओम सिंह और हरीश ग्रोवर सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी, गणमान्य नागरिक और क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

SAHAS Homeo
साहस होम्यो मेडिकल स्टोर एवं क्लीनिक
जर्मन तथा सभी प्रकार के होम्योपैथिक व बायोकैमिक दवाईयों के विक्रेता
डॉ. यश पाण्डेय
होम्योपैथिक फिजिशियन
बी.एच.एम.एस., जयपुर



चर्म रोग | गुर्दा रोग | पेट रोग
गुदा रोग | लिवर सम्बन्धि रोग
अन्य रोग • स्पान्डीलाईटिस • श्वास रोग • मोटापा • दमा • प्रोस्टेट • माइग्रेन • टान्सिल • एलर्जी • ब्रोनकाइटिस
बच्चों के रोग • पेट का दर्द • अपच • कान में संक्रमण / दर्द • खांसी • जुकाम • निमोनिया • बुखार • दांत निकलना
साहस होम्यो क्लीनिक
निकट गुरुद्वारा, कालाढूंगी रोड, हल्द्वानी
मो. 9456727473, 9410514531 शनिवार अवकाश

# श्याम संकीर्तन संध्या पर झूम उठे हजारों श्याम प्रेमी

## आदर्श कॉलोनी में सजा श्याम बाबा का भव्य दरबार, निशान यात्रा के बाद उमड़ा जनसैलाब





रूद्रपुर। आ गया मैं दुनियादारी छोड़ के, लेने आजा खाटू वाले रींगस के इस मोड़ पर जैसे सुमधुर श्याम भजनों पर हजारों श्याम प्रेमी पूरी रात झूमते रहे। अवसर था श्री खाटू श्याम सेवा मंडल चौरिटेबल ट्रस्ट आदर्श कॉलोनी द्वारा आयोजित चौथे श्री श्याम संकीर्तन संध्या और विशाल भंडारे का। कार्यक्रम में भजन गायकों ने ऐसी समां बांधी कि पूरी रात्रि श्रद्धालु बाबा का गुणगान करते रहे। इस धार्मिक आयोजन में आम जनमानस के साथ-साथ राजनीतिक दलों के नेता और जनप्रतिनिधि भी पूरी तरह बाबा की भक्ति में लीन होकर थिरकते हुए दिखाई दिए। हर वर्ष की भांति इस साल भी श्री खाटू श्याम सेवा मंडल चैरिटेबल ट्रस्ट आदर्श कॉलोनी द्वारा इस भव्य कार्यक्रम का आयोजन बेहद धूमधाम के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत शनिवार की दोपहर को भव्य निशान यात्रा के साथ हुई। हजारों श्याम प्रेमियों की गरिमामयी मौजूदगी में निकाली गई यह मनमोहक निशान यात्रा चामुंडा मंदिर से प्रारंभ होकर काशीपुर बाईपास पहुंची। इसके बाद सुभाष कॉलोनी होते हुए गल्ला मंडी स्थित खाटू श्याम मंदिर पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम की विशेष आराधना की। निशान यात्रा के दौरान पूरे मार्ग में भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था और पूरा वातावरण बाबा के जयकारों से गुंजायमान रहा। शाम ढलते ही आदर्श कॉलोनी वार्ड संख्या 36 में बाबा का भव्य और अलौकिक दरबार सजाया गया। रात्रि आठ बजे मुख्य पुरोहितों द्वारा पूरे विधि विधान और मंत्रोच्चारण के साथ पूजा अर्चना कर संकीर्तन का शुभारंभ किया गया। इसके बाद शुरू हुआ बाबा के भजनों का सिलसिला जो देर रात तक अनवरत चलता रहा। संकीर्तन में रुद्रपुर के भजन गायक रितेश मनोचा, काशीपुर की निशा अरोड़ा और रुद्रपुर के अमन सांवरिया ने एक से बढ़कर एक भजनों की शानदार प्रस्तुतियां दीं। भजन गायकों की सुरीली आवाज और भक्ति गीतों पर देर रात और सुबह साढ़े तीन बजे तक श्याम प्रेमी पूरी तरह भावविभोर होकर झूमते रहे। बाबा के इस भव्य दरबार में हाजिरी लगाने पहुंचे क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा और पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल भी खुद को रोक नहीं पाए और वे भी आम श्रद्धालुओं के साथ रात्रि भर बाबा की भक्ति में लीन होकर झूमते रहे। कार्यक्रम के समापन पर बाबा को छप्पन भोग लगाकर महाआरती की गई और विशाल भंडारे में हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ कमाया। इस दौरान क्षेत्र के तमाम सामाजिक, राजनैतिक संगठन के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# पेयजल योजना और बदहाल सड़क पर फूटा गुस्सा

## अधिकारियों को मौके पर बुलाकर शुरू कराया सड़क मरम्मत का कार्य

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। क्षेत्र के ग्राम सभा पिपलिया जयनगर में तीन वर्ष पूर्व पेयजल पाइपलाइन डालने के लिए खोदी गई सड़क आज तक बदहाल स्थिति में पड़ी हुई है। पाइपलाइन बिछाने के बावजूद गांव में पानी की आपूर्ति शुरू नहीं हो सकी, जबकि सड़क निर्माण अधूरा छोड़ दिए जाने से ग्रामीणों को रोजाना भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सोमवार को आक्रोशित ग्रामीणों ने भाजपा नेता रमेश राय को मौके पर बुलाकर सड़क की जर्जर हालत दिखाई और विभागीय लापरवाही के खिलाफ नाराजगी व्यक्त की।



ग्रामीणों ने बताया कि जल निगम द्वारा करीब तीन वर्ष पहले गांव में पेयजल पाइपलाइन डालने का कार्य किया गया था। कार्य के दौरान सड़क को जगह जगह खोद दिया गया, लेकिन पाइपलाइन डालने के बाद न तो सड़क को दुरुस्त कराया गया और न ही गांव में पानी की सप्लाई शुरू हो सकी। सड़क पर बने गहरे गड्ढों और उखड़ी हुई सतह के कारण आए दिन दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। बरसात के मौसम में हालात और अधिक खराब हो जाते हैं, जिससे ग्रामीणों और स्कूली बच्चों को आवाजाही में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि इस समस्या को लेकर कई बार संबंधित विभाग और अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन केवल आश्वासन ही मिला। समस्या का समाधान न होने पर लोगों का गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने भाजपा नेता रमेश राय को मौके पर बुलाकर अपनी समस्या बताई। मौके पर पहुंचे भाजपा नेता रमेश राय ने सड़क की स्थिति पर नाराजगी जताते हुए तत्काल जल निगम अधिकारियों से वार्ता की और समस्या के शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। रमेश राय के हस्तक्षेप के बाद जल निगम के अवर अभियंता अभिषेक सिंह विभागीय टीम के साथ मौके पर पहुंचे और सड़क मरम्मत कार्य शुरू कराया। इस दौरान भाजपा नेता रमेश राय ने कहा कि जनता की मूलभूत सुविधाओं में लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ग्रामीणों को तीन वर्षों तक टूटी सड़क और बंद पड़ी पेयजल योजना की समस्या झेलनी पड़ी, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि सड़क निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ जल्द पूरा किया जाए और पेयजल योजना को भी शीघ्र चालू कराया जाए, ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर उठाना उनकी जिम्मेदारी है और विकास कार्यों में किसी प्रकार की ढिलाई स्वीकार नहीं की जाएगी। रमेश राय ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि सड़क निर्माण कार्य की लगातार निगरानी की जाएगी और जब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो जाता, तब तक वह इस मामले को लेकर सक्रिय रहेंगे। वहीं जल निगम के अवर अभियंता अभिषेक सिंह ने बताया कि सड़क मरम्मत कार्य तत्काल शुरू करा दिया गया है तथा जल्द ही इसे पूर्ण कर लिया जाएगा। साथ ही पेयजल योजना से जुड़े शेष कार्यों को भी प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जा रहा है।

# टॉपर रिद्धि मिड्डा को किया सम्मानित



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गल्ला मंडी निवासी एमिनिटी स्कूल की छात्रा रिद्धि मिड्डा ने सीबीएसई 12वीं की परीक्षा में 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उत्कृष्ट प्रदर्शन पर श्री पंचमुखी हनुमान बालाजी मंदिर समिति के अध्यक्ष गुलशन नारंग, गगन वाधवा, सर्वेश मौर्य और शिवांश अग्रवाल ने उनके निवास पर पहुंचकर रिद्धि मिड्डा को सम्मानित किया और शुभकामनाएं दीं। इस दौरान गुलशन नारंग और गगन वाधवा ने कहा कि रिद्धि मिड्डा की यह उपलब्धि क्षेत्र के अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि कठिन परिश्रम, अनुशासन और लगन से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने छात्रा के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि ऐसे प्रतिभाशाली विद्यार्थी समाज और क्षेत्र का गौरव बढ़ाते हैं। इस अवसर पर मौजूद लोगों ने भी रिद्धि मिड्डा की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी। वहीं रिद्धि मिड्डा की माता शिखा मिड्डा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# एमबीबीएस परीक्षा उत्तीर्ण करने पर श्रेया को किया सम्मानित

रुद्रपुर। व्यापार मंडल ने होनहार बिटिया श्रेया बांगा को एमबीबीएस परीक्षा उत्तीर्ण कर उसकी शानदार शैक्षणिक उपलब्धि पर सम्मानित किया। शहर के प्रतिष्ठित व्यावसायिक प्रतिष्ठान बंटी मार्ट के स्वामी बंटी बांगा की सुपुत्री एवं वयोवृद्ध व्यापारी व व्यापार मंडल के संरक्षक लक्ष्मण दास बांगा की पोती श्रेया बांगा ने अपनी कड़ी मेहनत, अटूट लगन और दृढ़ संकल्प की बदौलत एमबीबीएस की कठिन परीक्षा सफलता पूर्वक उत्तीर्ण कर ली है। अब वे आधिकारिक रूप से डॉक्टर बन गई हैं, श्रेया बांगा की इस गौरवमयी और ऐतिहासिक उपलब्धि पर व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय जुनेजा ने अन्य व्यापारियों के साथ बिटिया श्रेया बांगा को पारंपरिक रूप से चुनरी ओढ़ाकर, मिठाई खिलाकर और फूलों का गुलदस्ता भेंट कर अपनी और पूरे व्यापार मंडल की ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं। संजय जुनेजा ने कहा कि आज बेटियां किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से पीछे नहीं हैं। उन्होंने कहा कि कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प के बल पर बेटियां हर मुकाम हासिल कर रही हैं। डॉ. श्रेया बांगा ने चिकित्सा के क्षेत्र में जो सफलता अर्जित की है, वह न केवल बांगा परिवार के लिए बल्कि पूरे रुद्रपुर क्षेत्र के लिए एक अत्यंत गौरव का क्षण है। यह सफलता क्षेत्र की अन्य बेटियों को भी उच्च शिक्षा प्राप्त करने और जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी। व्यापार मंडल के वरिष्ठ सदस्य पंकज बांगा ने डॉ. श्रेया के उज्ज्वल, यशस्वी और सुखद भविष्य की कामना करते हुए उम्मीद जताई कि वे आने वाले समय में एक कुशल डॉक्टर के रूप में समाज और देश की सेवा में अपना बहुमूल्य योगदान देंगी। अभिनंदन कार्यक्रम मे सामाजिक कार्यकर्ता और बांगा परिवार ने बिटिया को आशीर्वाद देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की। इस अवसर पर व्यापार मंडल के संरक्षक लक्ष्मण दास बांगा, राजकुमार खनिजो, रवि बांगा, नवीन बांगा, तिलक बांगा, अशोक बांगा, हरीश अरोरा, शिवेन सेठी, पवन गाबा पल्ली, जिम्मी बांगा,राकेश बांगा,विक्की बांगा, देवांश बांगा, अंश बांगा, प्रदीप अरोरा, शौर्य बांगा सहित अनेको व्यापारी मौजूद थे।






# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## महाशक्तियों की जिम्मेदारी

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के चीन दौरे से यह उम्मीद की जा रही थी कि पश्चिम एशिया में संघर्ष का कोई हल निकलेगा, जिससे वैश्विक स्तर पर गहरा रहे संकट से राहत मिलेगी। मगर दोनों देशों के शीर्ष नेतृत्व के बीच हुई वार्ता के नतीजों से यह साफ है कि विश्व की आर्थिक महाशक्तियों को बाकी दुनिया की कोई फिक्र नहीं है। खबरों के मुताबिक, बैठक द्विपक्षीय मसलों पर ही केंद्रित रही और ट्रंप ने इसे 'जी-2' देशों का सम्मेलन बताया, जिसमें दोनों देशों के बीच कई व्यापारिक समझौते हुए। सवाल है कि खुद को दुनिया के सबसे ताकतवर बताने वाले देशों की क्या वैश्विक समुदाय के प्रति कोई जिम्मेदारी नहीं है, क्या उनकी यह ताकत सिर्फ निहित स्वार्थों तक ही सीमित है? पिछले कुछ वर्षों से विश्व के आर्थिक हितों को देखने के अमेरिका के नजरिए में बदलाव साफ नजर आ रहा है। अब यह साझा उदार मूल्यों पर नहीं, बल्कि महाशक्तियों के प्रभाव क्षेत्रों पर केंद्रित होता दिख रहा है। ऐसे में सवाल यह नहीं है कि अमेरिका और चीन परस्पर सहयोग कर सकते हैं या नहीं, बल्कि यह है कि उनके बीच तालमेल संभव हो सका, तो वह किस तरह की वैश्विक व्यवस्था तैयार करेगा।दो देशों का समूह यानी 'जी-2' शब्द वर्ष 2005 में अमेरिका के एक प्रमुख अर्थशास्त्री ने गढ़ा था। उनका विचार था कि दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं अमेरिका और चीन के बीच मजबूत साझेदारी होनी चाहिए। इस विचार का उद्देश्य प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के समूह 'जी-20' को और मजबूत करना था। तब वैश्विक वित्तीय संकट से निपटने के लिए 'जी-20' की रणनीति के तहत अमेरिका ने शुरुआती दौर में 787 अरब डालर, जबकि चीन ने 586 अरब डालर का प्रोत्साहन पैकेज दिया था। इससे दुनिया को बड़े आर्थिक संकट से बचाने में मदद मिली।मगर पश्चिम एशिया में संघर्ष से उपजे वैश्विक संकट के बीच हाल में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच हुई वार्ता में वैश्विक चिंताओं के बजाय परस्पर हितों की एक नई तस्वीर उभरकर सामने आई है। दोनों देशों के बीच बोइंग विमानों की खरीद समेत कई अहम व्यापारिक समझौते हुए हैं। यानी अब अमेरिका-चीन सहयोग का मतलब यह नहीं है कि उससे दुनिया के बाकी देशों के लिए सकारात्मक माहौल बनेगा, बल्कि यह एक ऐसे निजी समझौते की तरह दिखाई देता है, जिसमें दो महाशक्तियां सिर्फ अपने हित साध रही हैं। गौरतलब है कि होर्मुज जलमार्ग के बाधित होने से वैश्विक स्तर पर ऊर्जा समेत कई आवश्यक वस्तुओं का संकट पैदा हो गया है। अमेरिका और ईरान के अड़ियल रवैये की वजह से शांति वार्ता आगे नहीं बढ़ पा रही है, जिसका असर तमाम देशों की अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा है। इसमें दोराय नहीं कि शांति वार्ता के लिए एक प्रभावी मध्यस्थ की जरूरत है और चीन इसमें अहम भूमिका निभा सकता है। मगर अमेरिका और चीन के राष्ट्राध्यक्षों की मुलाकात में इस मसले को तवज्जो नहीं देने को किस रूप में देखा जाएगा। खबरों के मुताबिक, इस दौरान ताइवान का मसला जरूर उठा और इस पर चीन ने अमेरिका को चेताते हुए कहा कि यदि इस मुद्दे को सही ढंग से नहीं संभाला गया, तो दोनों देशों के बीच टकराव की स्थिति पैदा हो सकती है। इससे स्पष्ट है कि इन दोनों महाशक्तियों के लिए वैश्विक संकट के बीच भी सिर्फ अपने व्यापारिक, रणनीतिक और भू-राजनीतिक हित ही सर्वोपरि हैं।

# मुख्यमंत्री के दौरे पर कांग्रेस का जोरदार हंगामा

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के शक्तिफार्म दौरे के दौरान रविवार को क्षेत्र का राजनीतिक माहौल पूरी तरह गरमा गया, जब कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने काले झंडों और काली पट्टियों के साथ जोरदार विरोध प्रदर्शन करते हुए भाजपा सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। कांग्रेस पार्टी सितारगंज के ब्लॉक अध्यक्ष रंजीत सिंह राणा एवं शक्तिफार्म ब्लॉक अध्यक्ष उत्तम कुमार आचार्या के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता सड़क पर उतर आए और मुख्यमंत्री वापस जाओ, महंगाई और बेरोजगारी से जनता त्रस्त तथा किसानों का शोषण बंद करो जैसे नारों से पूरे क्षेत्र को गुंजायमान कर दिया। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम स्थल की ओर बढ़ रहे प्रदर्शनकारियों को भारी पुलिस बल और प्रशासन ने बीच रास्ते में ही रोक लिया। इस दौरान पुलिस और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच तीखी नोकझोंक भी देखने को मिली। बाद में कई कार्यकर्ताओं को बसों में भरकर थाने ले जाया गया, जहां उन्हें घंटों नजरबंद रखा गया। पुलिस की इस कार्रवाई को लेकर कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं में भारी रोष देखने को मिला। प्रदर्शन के दौरान पूर्व विधायक नारायण पाल ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि



प्रदेश में बेरोजगारी लगातार बढ़ रही है, महंगाई ने आम जनता की कमर तोड़ दी है और किसान खाद, सिंचाई तथा भूमि संबंधी समस्याओं से जूझ रहे हैं, लेकिन सरकार केवल प्रचार में व्यस्त है। उन्होंने आरोप लगाया कि युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है और सरकार जनभावनाओं को पूरी तरह नजर अंदाज कर रही है। इस मौके पर मुख्यमंत्री के नाम सौंपे गए ज्ञापन में बंगाली समुदाय को अनुसूचित जाति का दर्जा देने, वर्ग आठ किसानों की भूमि वापस कराने, किसानों को पर्याप्त खाद उपलब्ध कराने, नीट परीक्षा पेपर लीक के दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने तथा सिंचाई एवं वन विभाग की भूमि पर वर्षों से रह रहे लोगों को मालिकाना हक देने जैसी मांगें प्रमुख रूप से उठाई गईं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता नवतेज पाल सिंह महर ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द जनसमस्याओं का समाधान नहीं किया तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। वहीं शक्तिफार्म ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष उत्तम आचार्य ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा सरकार जनता को केवल झूठे सपने दिखाने का काम कर रही है। किसानों को खाद नहीं मिल रही, युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा और गरीब आदमी महंगाई से परेशान है। सरकार जनता की आवाज दबाने के लिए पुलिस का सहारा ले रही है, लेकिन कांग्रेस डरने वाली नहीं है। आने वाले समय में जनता इस जनविरोधी सरकार को जवाब देगी। प्रदर्शन में पूर्व मंडी चेयरमैन हरपाल सिंह, पूरन सिंह चौहान, सुमिदर यादव, अमित सरकार, रंजीत मंडल, श्रीकांत मिस्त्री, सपना ओझा, महानंद विश्वास, विनय विश्वास, सुकुमार चक्रवर्ती, मनोज सूतार, चक्रधर, वसीम मलिक, मो. जावेद सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बढ़ती महंगाई के खिलाफ किया पुतला दहन

रामनगर (उद संवाददाता)। बढ़ती महंगाई, पेट्रोल डीजल की कीमतों और रसोई गैस समेत आवश्यक वस्तुओं के दामों में लगातार हो रही बढ़ोतरी को लेकर रविवार को रामनगर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। पूर्व विधायक रणजीत सिंह रावत के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रानीखेत रोड पर भाजपा सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए पुतला दहन किया। प्रदर्शन के दौरान क्षेत्र में कुछ देर तक राजनीतिक माहौल पूरी तरह गर्म बना रहा। कांग्रेस कार्यकर्ता हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर सड़कों पर उतरे। इस दौरान डीजल पेट्रोल की बढ़ी कीमतें वापस लो, बहुत हुई महंगाई की मार, बस करो भाजपा सरकार, भाजपा सरकार का रसोई पर वार और नहीं चाहिए अच्छे दिन, हमें लौटा दो पुराने दिन जैसे नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के कारण आम आदमी का बजट पूरी तरह बिगड़ चुका है और देश की जनता गंभीर



आर्थिक संकट से जूझ रही है। इस मौके पर पूर्व विधायक रणजीत सिंह रावत ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा ने जनता से अच्छे दिनों का वादा किया था, लेकिन आज आम आदमी महंगाई की मार से त्रस्त है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल डीजल, खाद्य तेल और अन्य जरूरी सामानों के दाम लगातार बढ़ रहे हैं, जिससे मध्यम वर्ग और गरीब परिवारों का जीवन अत्यंत कठिन होता जा रहा है। रावत ने कहा कि प्रधानमंत्री लोगों से पेट्रोल डीजल कम इस्तेमाल करने और सोना कम खरीदने की अपील कर रहे हैं, जबकि सच्चाई यह है कि सरकार ने जनता की क्रय शक्ति ही खत्म कर दी है। उन्होंने आरोप लगाया कि देश की अर्थव्यवस्था लगातार कमजोर हो रही है और रुपया लगातार गिरावट की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार केवल दिखावटी राजनीति कर रही है। मंत्री साइकिल और पैदल चलने का प्रदर्शन करते हैं, लेकिन उनके पीछे सरकारी गाड़ियों का लंबा काफिला चलता है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय हालातों का हवाला देते हुए कहा कि कई देशों ने विपरीत परिस्थितियों में भी पेट्रोल डीजल के दाम कम किए हैं, लेकिन भारत में लगातार जनता पर आर्थिक बोझ डाला जा रहा है। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि महंगाई पर जल्द नियंत्रण नहीं किया गया तो पार्टी आने वाले दिनों में उग्र रुख अपनाते हुए और बड़ा जनआंदोलन करने के लिए बाध्य होगी।

# एनएच की अव्यवस्थाओं पर अधिशासी अभियंता को नोटिस जारी

चंपावत। जिलाधिकारी मनीष कुमार ने राष्ट्रीय राजमार्ग-09 (ककराली गेट से घाट तक) की जर्जर स्थिति एवं मानसून पूर्व आवश्यक तैयारियों का संज्ञान लेते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग खंड, लोहाघाट के अधिशासी अभियंता को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। उपजिलाधिकारी चम्पावत एवं उपजिलाधिकारी लोहाघाट द्वारा प्रस्तुत निरीक्षण आख्या के आधार पर जिला सड़क सुरक्षा समिति एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की बैठकों में बार-बार निर्देशित किए जाने के बावजूद राष्ट्रीय राजमार्ग खंड द्वारा धरातल पर अपेक्षित सुधारात्मक कार्य नहीं किए गए। निरीक्षण के दौरान मार्ग पर अनेक स्थानों पर गहरे गड्ढे, सड़क किनारे उगी झाड़ियां, बंद पड़ी नालियां एवं कल्वर्ट, क्षतिग्रस्त सुरक्षा दीवारें तथा अधूरे निर्माण कार्य पाए गए, जिससे आम नागरिकों और यात्रियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। विशेष रूप से निर्माणाधीन कल्वर्ट का कार्य लंबे समय से अधूरा पड़े रहने पर जिलाधिकारी ने गंभीर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की लापरवाही किसी भी समय गंभीर सड़क दुर्घटना का कारण बन सकती है। जिलाधिकारी ने कहा कि मानसून अवधि अत्यंत निकट है और यदि समय रहते संवेदनशील एवं क्षतिग्रस्त स्थलों का उपचार नहीं किया गया तो वर्षाकाल में भूस्खलन, जलभराव एवं मार्ग अवरुद्ध होने जैसी गंभीर स्थितियां उत्पन्न हो सकती हैं।

# गुरुद्वारा निर्मल तखत बिशनपुरी में समागम संपन्न

गदरपुर (उद संवाददाता)। अमावस पर ब्रह्म ज्ञानी बाबा बुड्ढा साहिब जी के तीसरे स्थान गुरुद्वारा निर्मल तखत बाबा बुड्ढा जी बिशनपुरी जिला रामपुर, उत्तर प्रदेश में चार दिवसीय आयोजित समागम में हजारों श्रद्धालु पहुंचे। इस दौरान बाबा भगवत भजन सिंह के दिशा निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के संपुट अखंड पाठ साहब के भोग के उपरांत भारी दीवान सजाए गए। रागी भाई वीर सिंह के अलावा विभिन्न रागी जत्थों, ढाढ़ी जत्था, कविश्री जत्था एवं कथावाचकों ने गुरु इतिहास श्रवण करवाते हुए गुरु की वाणी को आत्मसात करने का आह्वान किया। समागम में रमदास श्री अमृतसर पंजाब के बाबा भगवंत भजन सिंह ने संगत को गुरु के उपदेशों पर चलने का आह्वान करते हुए गुरु के आदर्शों को ग्रहण करने के लिए प्रेरित किया। स्थानीय मुख्य सेवादार बाबा कृपाल



सिंह, बलविंदर सिंह, राजेंद्र सिंह एवं मनिंदर पाल सिंह द्वारा परिवार सहित पूरे जोड़ मेला और समागम की जिम्मेदारी का निर्वाह करते हुए व्यवस्था को संभाला गया। बाबा कृपाल सिंह ने बताया कि जोड़ मेले के दौरान पुत्र प्राप्ति की मन्नत पूरी होने पर परिवारों द्वारा ढोल नगाड़े एवं बैंड बाजे से सहभागिता करते हुए खुशियां मनाई जाती हैं। वहीं बाबा भगवान भजन सिंह द्वारा जरूरतमंदों को दवा वितरण एवं रोगों के निराकरण से संबंधित बहुमूल्य जानकारियां प्रदान की जाती हैं। कार्यक्रम के समापन के उपरांत बाबा बलविंदर सिंह, राजेंद्र सिंह एवं मनिंदर पाल सिंह द्वारा सभी संगत का हार्दिक धन्यवाद किया गया। कार्यक्रम के दौरान बाबा भगवंत भजन सिंह द्वारा निहंग सिंहों, वक्ताओं एवं अन्य सेवादारों को सिरोपा भेंटकर सम्मानित किया गया। बाबा भगवान भजन सिंह द्वारा समागम के दौरान दो दर्जन से अधिक बच्चों एवं युवकों को दस्तार सजाकर सम्मानित किया गया और उन्हें नित्य प्रति दस्तार सजाने, गुरबाणी पाठ एवं जाप करने का भी निर्देश दिया गया।

# सरकारी काफिलों में पचास प्रतिशत कटौती के सख्त निर्देश

चम्पावत (उद संवाददाता)। वैश्विक परिस्थितियों के चलते बढ़ती ईंधन लागत और आर्थिक दबाव को देखते हुए जिलाधिकारी मनीष कुमार ने शासन के निर्देशों के क्रम में जनपद में ईंधन बचत, ऊर्जा संरक्षण तथा संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग को लेकर व्यापक दिशा निर्देश जारी किए हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में ऊर्जा संरक्षण केवल प्रशासनिक आवश्यकता नहीं बल्कि सामूहिक सामाजिक जिम्मेदारी भी है। जिलाधिकारी द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार अब सरकारी विभागों में बैठकों के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग प्रणाली को प्राथमिकता दी जाएगी तथा अत्यंत आवश्यक होने पर ही अधिकारियों एवं कर्मचारियों की भौतिक उपस्थिति सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही निजी क्षेत्र में भी वर्क फ्रॉम होम संस्कृति को प्रोत्साहित करने पर बल दिया गया है। ऊर्जा बचत के उद्देश्य से सरकारी काफिलों में वाहनों की संख्या को तत्काल प्रभाव से पचास प्रतिशत तक सीमित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अतिरिक्त सरकारी एवं निजी भवनों, मॉल, होटल तथा रेस्तरां में एयर कंडीशनर का तापमान चौबीस से छब्बीस डिग्री सेल्सियस के बीच रखने अथवा एसी के अनावश्यक उपयोग को हतोत्साहित करने को कहा गया है। जिलाधिकारी ने अनावश्यक सजावटी प्रकाश व्यवस्था पर नियंत्रण रखने के निर्देश भी दिए हैं। जनपद में इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ईवी चार्जिंग नेटवर्क के विस्तार पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसके साथ ही प्रत्येक शनिवार को विशेष नो व्हीकल डे अभियान चलाया जाएगा, जिसके अंतर्गत कारपूलिंग, सार्वजनिक परिवहन तथा साइकिल के उपयोग को प्रोत्साहित किया जाएगा। जिलाधिकारी ने बताया कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने के लिए मेड इन उत्तराखण्ड अभियान के तहत स्थानीय उत्पादों, हस्तशिल्प एवं जीआई टैग उत्पादों को बढ़ावा दिया जाएगा। इसके लिए एमएसएमई इकाइयों एवं स्वयं सहायता समूहों को प्रमुख ई कॉमर्स प्लेटफॉर्म से जोड़ा जाएगा, ताकि स्थानीय उत्पादों को व्यापक बाजार उपलब्ध हो सके। पर्यटन क्षेत्र को प्रोत्साहन देने हेतु धार्मिक, ग्रामीण, वेलनेस एवं इको टूरिज्म सर्किटों का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाएगा। वहीं सरकारी स्तर पर गैर जरूरी विदेशी यात्राओं पर अस्थायी रोक लगाने के निर्देश भी जारी किए गए हैं। स्वास्थ्य एवं बचत को ध्यान में रखते हुए आशा कार्यकर्ताओं एवं महिला समूहों के माध्यम से कम तेल वाले भोजन के प्रति जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा। साथ ही विद्यालयों एवं सरकारी कैंटीनों में तेल के उपयोग की समीक्षा भी की जाएगी। कृषि क्षेत्र में प्राकृतिक खेती एवं जीरो बजट फार्मिंग को बढ़ावा देकर रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम करने की दिशा में कार्य किया जाएगा। एग्रीस्टैक एवं फार्मर आईडी के माध्यम से उर्वरक प्रबंधन में पारदर्शिता सुनिश्चित की जाएगी। जिलाधिकारी ने बताया कि पीएम सूर्य घर योजना के अंतर्गत रूफटॉप सोलर परियोजनाओं को बढ़ावा दिया जाएगा तथा नेट मीटरिंग अनुमोदनों की प्रक्रिया को तेज किया जाएगा। साथ ही पीएनजी कनेक्शनों के विस्तार को मिशन मोड में संचालित करने तथा माइनिंग, सोलर एवं पावर प्रोजेक्ट्स को सिंगल विंडो सिस्टम के माध्यम से त्वरित स्वीकृति प्रदान करने की व्यवस्था की जाएगी। जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से अपील की है कि वे ऊर्जा संरक्षण और संसाधनों के संतुलित उपयोग को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाएं। उन्होंने नागरिकों से कम से कम एक वर्ष तक नई सोने की खरीद सीमित रखने तथा सामाजिक एवं धार्मिक नेताओं के सहयोग से पुराने आभूषणों के पुनः उपयोग को बढ़ावा देने का भी आग्रह किया। जिलाधिकारी ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि इन दिशा निर्देशों का स्वयं कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करें तथा अधीनस्थ कार्मिकों के माध्यम से भी इसे प्रभावी रूप से लागू कराया जाए।

# बेहड़ ने 35.64 लाख की लागत से बनी सड़कों का किया लोकार्पण

किच्छा (उद संवाददाता)। विधानसभा क्षेत्र किच्छा के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में कनेक्टिविटी को मजबूत करने और आवागमन को सुगम बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया है। क्षेत्र के ग्राम आनंदपुर एवं ग्राम गौरीकला में कुल ध्35.64 लाख की लागत से पूरे हुए विभिन्न सड़क निर्माण कार्यों का भव्य लोकार्पण किया गया। इन विकास कार्यों के धरातल पर उतरने से ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को जहां कीचड़ और बदहाल रास्तों से मुक्ति मिलेगी, वहीं क्षेत्र के विकास को भी एक नई गति मिलेगी। लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान पहुंचे क्षेत्रीय विधायक तिलकराज बेहड़ का ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया और विकास कार्यों के लिए आभार जताया। लोकार्पण कार्यक्रमों की श्रृंखला में विधायक तिलकराज बेहड़ के प्रयासों से मंडी समिति योजना के तहत ग्राम आनंदपुर में 21.79 लाख की भारी-भरकम लागत से निर्मित कराई गई 250 मीटर लंबी सीसी सड़क जनता को समर्पित की गई। इसके अतिरिक्त लोक निर्माण विभाग के माध्यम से ग्राम आनंदपुर में ही 2.50 लाख की लागत से पूरे हुए 50 मीटर सड़क निर्माण कार्य का भी लोकार्पण किया गया। ग्रामीण क्षेत्रों की आंतरिक गलियों को जोड़ने के लिए विधायक निधि का भी बेहतर उपयोग किया गया है, जिसके तहत ग्राम आनंदपुर के नारायण करौली में 2.52 लाख की लागत से सीसी रोड का निर्माण कराया गया। साथ ही ग्राम गौरीकला में हरदयानंद के घर से पुलिया तक तथा मंदिर मोड़ से भगवान दास के घर तक सड़क निर्माण कार्य भी विधायक निधि के अंतर्गत कराया जा रहा है, जिसकी



कुल लागत 8.83 लाख है। इस अवसर पर आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए विधायक तिलकराज बेहड़ ने कहा कि क्षेत्र की जनता ने वर्षों तक मूलभूत सुविधाओं की कमी झेली है, लेकिन अब लगातार विकास कार्यों के माध्यम से गांवों की तस्वीर बदलने का काम पूरी ईमानदारी से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य बड़ी मुख्य सड़कों से लेकर गांवों की छोटी गलियों तक को पक्का और मजबूत बनाना है। जो सड़कें वर्षों से उपेक्षित थीं और जिन पर राहगीरों का चलना दूभर था, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृत कराकर निर्माण कार्य तेजी से कराए जा रहे हैं। विधायक बेहड़ ने स्पष्ट किया कि विकास कार्य किसी एक गांव या एक वर्ग विशेष के लिए नहीं, बल्कि पूरे किच्छा विधानसभा क्षेत्र के लिए समान रूप से किए जा रहे हैं। जहां-जहां बजट उपलब्ध हो रहा है, वहां चरणबद्ध तरीके से सड़क निर्माण, गलियों का सुदृढ़ीकरण एवं अन्य जनहित के कार्य कराए जा रहे हैं। उन्होंने जनता से संवाद करते हुए कहा कि कई बार विभिन्न योजनाओं में अलग-अलग सरकारी विभागों से तकनीकी और प्रशासनिक स्वीकृति लेनी पड़ती है, जिसके कारण प्रक्रिया में थोड़ा समय जरूर लगता है, लेकिन जनता की हर एक समस्या के स्थायी समाधान के लिए उनके प्रयास निरंतर जारी हैं। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य प्रेम आर्य, गुरदास कालड़ा, किन्नू शुक्ला, राजेंद्र प्रताप सिंह, नारायण गुड्डू, प्रधान कुंवर पाल, अनिल कुमार, पूजा कुशवाहा, पूनम यादव, पवन पाठक, राम प्रकाश, महापुरुष, विपिन सिंह, हरेंद्र कुमार, राजेश यादव, राजकुमार पांडे, जीतेन्द्र पांडेय, हरिओम चौहान, ओम प्रकाश चौबे, सकूर अली, रामबृक्ष, लालजी वर्मा, नेमू नेता, चंचल, नगीना प्रसाद, रामासरे, सूरज पाल सागर, त्रिलोक चन्द, शेरबहादुर, भगवान सिंह, सुनील, मनोज, महेश और हृदयानंद सहित भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# लोकतंत्र सेनानी संघ और अधिवक्ताओं ने इंदौर खंडपीठ के निर्णय का किया स्वागत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड लोकतंत्र सेनानी संघ ने मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर खंडपीठ के निर्णय का स्वागत किया है। संघ की तरफ से जारी बयान में लोकतंत्र सेनानी एडवोकेट सुभाष चंद्र छाबड़ा ने इसे 512 साल की गुलामी का अंत बताते हुए भारत की जनता की धार्मिक और सांस्कृतिक विजय बताया। एडवोकेट छाबड़ा ने कहा कि इस तरह की ध्वस्त की गई आस्था की प्रतीक हर जगह को अधिनियम बना कर देश को उसका खोया हुआ सम्मान लौटाया जाना चाहिए था, लेकिन देश का दुर्भाग्य है कि आजादी के बाद सत्ता ऐसे लोगों के हाथों में आई जिन्हें देश के मान सम्मान अस्मिता से कोई सरोकार नहीं था। इसका उदाहरण सोमनाथ मंदिर के जीर्णोद्धार के समय तत्कालीन प्रधानमंत्री नेहरू ने अनेक बाधाएं खड़ी की और मुस्लिम समाज को गुमराह करके विरोध में खड़ा किया। उन्होंने कहा कि राम मंदिर निर्माण के समय कांग्रेस ने सुप्रीम कोर्ट में पूरी तरह से विरोध किया और कपिल सिब्बल जैसे कांग्रेसी वर्तमान में समाजवादी पार्टी के सांसद ने हर प्रकार का प्रयत्न किया। उन्होंने मुस्लिम समाज से अपील की है कि वो सच्चाई को स्वीकार करे और ऐसे तमाम धार्मिक स्थल हिंदुओं को सम्मान के साथ लौटा कर देश में एक नया इतिहास लिखते हुए आपसी भाईचारे को मजबूत करें, ना कि मुकदमेबाजियों में उलझ कर देश में तनावपूर्ण माहौल बनाएं और कालांतर में हुई वीभत्स घटनाओं को देश के इतिहास से हमेशा के लिए मिटा दें। जिला बार एसोसिएशन के सदस्यों ने भी इस निर्णय का स्वागत करते हुए देश के सभी धर्म के लोगों को नया भारत बनाने की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया है। एडवोकेट कमल चिलाना, सोमिल घीक, अभिनव छाबड़ा, पलक गगनेजा, सुरभि आहूजा, संजना शर्मा, बोबी सागर समेत तमाम अधिवक्ताओं ने निर्णय का स्वागत किया है।

# चम्पावत के आलू को मिलेगा बड़ा बाजार : डीएम

चंपावत। जिलाधिकारी श्री मनीष कुमार की अध्यक्षता में जिलाधिकारी कैंप कार्यालय में आयोजित बैठक में कृषि, उद्यान, सहकारिता एवं उद्योग विभाग के अधिकारियों के साथ जनपद में आलू उत्पादान एवं उनके बाजार के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक का आयोजन हुआ। जिलाधिकारी ने कहा कि किसानों को उनकी मेहनत का उचित मूल्य दिलाना प्रशासन की प्राथमिकता है और इसके लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। बैठक में जनपद के पुल्ला एवं दिगालीचौड़ स्थित पूर्व निर्मित कोल्ड स्टोरों को शीघ्र दुरुस्त कर पूर्ण क्षमता के साथ संचालित करने के निर्देश दिए गए, ताकि किसान अपनी उपज सुरक्षित रख सकें और कम दामों में फसल बेचने को मजबूर न हों। इसके साथ ही एफपीओ एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़े स्वयं सहायता समूहों को सक्रिय कर किसानों के कृषि उत्पादों के बेहतर विपणन की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने अधि



कारियों को Reliance Retail Amazon Tata Group rFkk Big Basket जैसी बड़ी रिटेल कंपनियों से संपर्क स्थापित कर स्थानीय स्तर पर मजबूत सप्लाई चौन विकसित करने को कहा, जिससे चम्पावत का उच्च गुणवत्ता वाला आलू सीधे बड़े बाजारों तक पहुंच सके। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि अन्नदाता के हितों के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा तथा सभी निर्णयों को तय समयसीमा में लागू कर किसानों को राहत पहुंचाई जाएगी। बैठक में मुख्य कृषि अधिकारी धनपत कुमार, जिला उद्यान अधिकारी मोहित मल्ली, जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक पंकज तिवारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## पेज एक का शेष...

**सीएम ने चिकित्सा वाहनों....**से चुनौतीपूर्ण इस पर्वतीय क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की समय पर उपलब्धता सबसे महत्वपूर्ण होती है, और ये वाहन यात्रियों के लिए संकट के समय जीवन रक्षक साबित होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड सरकार चारधाम यात्रा और आदि कैलाश यात्रा में आने वाले देश-विदेश के श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा और सुगम यात्रा सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। यात्रियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं, सुचारु व्यवस्थाएं और सुरक्षित यात्रा अनुभव प्रदान करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। यात्रा मार्गों पर बुनियादी ढांचे के विकास के साथ-साथ चिकित्सा नेटवर्क को लगातार मजबूत किया जा रहा है ताकि किसी भी श्रद्धालु को कोई परेशानी न हो। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत निजी संस्थानों का इस प्रकार आगे आना और जन सरोकारों से जुड़ना अत्यंत सराहनीय कदम है। सामाजिक और धार्मिक रूप से महत्वपूर्ण इन यात्राओं को सुरक्षित और निर्बाध बनाने में सरकार के प्रयासों को ऐसे सहयोग से और अधिक बल मिलता है। उन्होंने बैंक प्रबंधन का आभार व्यक्त करते हुए अन्य सामाजिक और व्यावसायिक संस्थाओं से भी उत्तराखंड के विकास और जनकल्याण के कार्यों में बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी निभाने का आह्वान किया। इस अवसर पर बैंक के वरिष्ठ अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारी और कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

**सरकारी सेवाओं कमें चयनित .....**करने के साथ ही राज्य में बेरोजगारी की समस्या को कम करने और सरकारी विभागों में रिक्त पदों को भरने के लिए व्यापक भर्ती अभियान शुरू किया गया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा पिछले चार वर्षों में लगभग 30 हजार से अधिक युवाओं को राजकीय सेवक के रूप में नियुक्ति दी जा चुकी है और यह अभियान लगातार जारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब युवा अपनी प्रतिभा और कठिन परिश्रम के बल पर सरकारी सेवाओं में चयनित हो रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं की सफलता में जहां उनकी मेहनत और प्रतिभा का योगदान है, वहीं राज्य सरकार द्वारा लागू किए गए कठोर नकल विरोधी कानून और पारदर्शी चयन प्रक्रिया ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष और ईमानदार भर्ती प्रक्रिया के कारण योग्य युवाओं को उचित अवसर और सम्मान मिल रहा है। उन्होंने चयनित कार्मिकों से अपने दायित्वों का पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ निर्वहन करने की अपील करते हुए कहा कि राजकीय सेवक के रूप में उन्हें आमजन की समस्याओं के प्रति संवेदनशील रहकर सेवा करनी चाहिए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कई चयनित युवाओं से दूरभाष पर बातचीत कर उन्हें उत्साहपूर्वक जनसेवा में योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

**संत प्रेमानंद महाराज....**लिए फिलहाल सड़कों पर और आश्रम के बाहर एकत्र न हों। महाराज का स्वास्थ्य पूरी तरह ठीक होने के बाद श्रद्धालु पुन: उनके दर्शन प्राप्त कर सकेंगे और एकांत वार्ता का सिलसिला भी दोबारा शुरू किया जाएगा। बता दें आध्यात्मिक संत प्रेमानंद महाराज पिछले लगभग बीस वर्षों से किडनी की गंभीर समस्या से जूझ रहे हैं। उनकी दोनों किडनियां खराब होने के कारण डॉक्टरों की विशेष निगरानी में उनके आवास पर ही सप्ताह में दो बार डायलिसिस किया जाता है, जिसमें प्रत्येक बार पांच से छह घंटे का समय लगता है। डॉक्टरों की टीम लगातार उनके स्वास्थ्य की निगरानी कर रही है। संत प्रेमानंद महाराज सोशल मीडिया पर बेहद लोकप्रिय हैं और उनके दर्शन के लिए आम जनता के साथ-साथ देश की प्रमुख हस्तियां भी वृंदावन पहुंचती हैं। देश की राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत सहित फिल्म और खेल जगत की नामचीन हस्तियां भी उनके आश्रम में हाजिरी लगा चुकी हैं। टीम इंडिया के पूर्व कप्तान विराट कोहली और अभिनेत्री अनुष्का शर्मा भी कई बार उनके दर्शन के लिए वृंदावन आ चुके हैं। आश्रम प्रशासन ने सभी भक्तों से महाराज के उत्तम स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना करने की अपील की है।

# स्मार्ट मीटर पर डंडा मारने पर मुकदमा दर्ज

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैंप थाना क्षेत्र के विवेक नगर में स्मार्ट मीटर लगाने पहुंचे ऊर्जा निगम के कर्मचारियों के साथ अभद्रता और सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने और विद्युत विभाग की टीम के सामने ही स्मार्ट मीटर पर डंडा मारने वाले अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। अवर अभियंता कुलदीप सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 16 मई को टीम के साथ विवेक नगर क्षेत्र में पुराने बिजली मीटरों को स्मार्ट मीटर से बदलने पहुंचे थे। लोगों विरोध कर स्मार्ट मीटर का कार्य रुकना दिया। इसी दौरान एक व्यक्ति द्वारा स्मार्ट मीटर पर डंडा मारा गया। जिसकी वीडियो बनाई गई है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। गौरतलब हो कि विभागीय टीम एसडीओ अनु मदान के नेतृत्व में विवेकनगर ट्रांजिट कैंप में स्मार्ट मीटर लगा रही थी तभी भवन स्वामी के साथ अन्य लोगों ने सरकारी कार्य का विरोध करना शुरू कर दिया था। काफी देर तक चली बहस के बाद टीम को वापस लौटना पड़ा था।

# ट्रांजिट कैम्प से ई रिक्शा चोरी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। रविवार को तड़के अज्ञात वाहन चोर ने कृष्णा कालोनी ट्रांजिट कैम्प में घर के बाहर खड़ा ई रिक्शा चोरी कर लिया। मामले की जानकारी पुलिस को दे दी गई है। मूल रूप से नवाबगंज बरेली निवासी संजय पुत्र सतपाल ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ पिछले करीब तीव वर्षों से कृष्णा कालोनी ट्रांजिट कैम्प में किरायेदार के रूप में रहता है और ई रिक्शा चलाकर परिवार का भरण पोषण करता है। उसने बताया 16 मई की रात्रि करीब 9 बजे उसने अपना ई रिक्शा संख्या यूके 06 ईआर 8894 को रोज की तरह घर के बाहर लॉक कर खड़ा कर दिया था। तड़के करीब 3 बजे उसने देखा कि उसका ई रिक्शा अपनी जगह पर मौजूद नहीं है। इसकी सूचना उसने पुलिस को दी। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा फुटेज देखाने पर मालूम हुआ कि एक नकाबपोश युवक उसका ई रिक्शा चोरी कर ले जा रहा है। बाद मे उसका कहीं कोई पता नहीं चल सका।

---

**किडनी की बीमारी से परेशन...** था। बताया गया कि जैसे ही उनकी कार गंगनहर पटरी स्थित निर्माणाधीन पुल के पास पहुंची तो हेम सिंह ने पेशाब करने की बात कहकर गाड़ी रुकवाई और नीचे उतर गया। बताया गया कि गाड़ी से उतरते ही हेम सिंह अचानक गंगनहर की तेज धारा में कूद गया। भाई ओम शंकर ने उसे बचाने का प्रयास करते हुए शोर मचाया, लेकिन पानी का बहाव तेज होने के कारण हेम सिंह कुछ ही देर में आंखों से ओझल हो गया और बहकर लापता हो गया। घटना की सूचना मिलते ही कलियर कोतवाल कमल मोहन भंडारी पुलिस टीम और जल पुलिस के गोताखोरों के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने तत्काल गंगनहर में सर्च अभियान शुरू कराया। पुलिस का कहना है कि युवक की तलाश लगातार जारी है और परिजनों को भी घटना की सूचना दे दी गई है।

**संदिग्ध परिस्थितियों में ....**रूप से घायल कर दिया गया। पनीराम का आरोप है कि इसके बाद यह लोग उनके पुत्र को घायल अवस्था में कहीं रास्ते में फेंक कर चले गए। मृतक के पिता ने उक्त दोनों पति पत्नी पर अपने पुत्र की हत्या का आरोप लगाते हुए कोतवाली पुलिस को तहरीर सौंप कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। वहीं मामले में कोतवाल सुशील कुमार ने बताया कि मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराने की कार्रवाई की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। परिजनों द्वारा तहरीर में जो भी आरोप लगाए गए हैं उसकी गहनता से जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद से मृतक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

**हरिद्वार को बम से ...**पुलिस कर्मचारियों के साथ भी अभद्रता की। बार बार फोन कॉल कर आरोपी हरकी पैड़ी समेत अलग अलग स्थलों को चार दिनों के अंदर बम से उड़ाने की धमकी देता रहा। आरोपी ने राज्य के कई बड़े नेताओं के नाम भी लेकर उन्हें गाली गलौज की। इस फोन कॉल के बाद पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। तत्काल हरकी पैड़ी क्षेत्र और अन्य स्थलों की सुरक्षा बढ़ाई गई। इस संबंध में तत्काल अज्ञात आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया और पुलिस टीम का गठन कर आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास तेज किए गए। नगर कोतवाली में तैनात एसएसआई गोपाल दत्त भट्ट को जांच सौंपी गई। पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए धमकी देने वाले मोबाइल नंबर को ट्रेस किया गया, जिसमें आरोपी सोहन सिंह रावत पुत्र मदन सिंह रावत निवासी ग्राम पाटा थाना यमकेश्वर जिला पौड़ी गढ़वाल उम्र तीस वर्ष का नाम प्रकाश में आया। आरोपी को रोडीबेलवाला क्षेत्र से दबोच लिया गया। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन बरामद किया गया। पूछताछ में आरोपी द्वारा अत्यधिक शराब के नशे में उक्त कृत्य करना स्वीकार किया गया। आरोपी का कोई आपराधिक इतिहास प्रकाश में नहीं आया है। एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी नशे का आदि है और नशे की हालत में उसने एक सौ बारह पर कॉल कर झूठी एवं भ्रामक सूचना दी थी। उसके खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पूछताछ के बाद उसे कोर्ट में पेश किया जाएगा।

**मारपीट कर युवक से ....**लगे। विरोध करने पर उन्होंने उस पर डंडों और हेलमेट से हमला कर दिया, जिससे उसे गंभीर चोटें आई हैं। सुरेन्द्र का कहना है कि आरोपी उसका मोबाइल फोन, गैस सिलेंडर और नगदी भी छीनकर फरार हो गए। सुरेंद्र ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**राज्यपाल ने नयना देवी....** विशेष पहचान रखता है। उन्होंने कहा कि इन दोनों पवित्र स्थलों पर आकर उनकी आत्मा ऊर्जा से भर जाती है तथा आध्यात्मिक रूप से नई प्रेरणा प्राप्त होती है। राज्यपाल ने कहा कि ऐसे धार्मिक और आध्यात्मिक स्थलों पर आकर विशेष प्रकार की आस्था, सकारात्मक ऊर्जा और आत्मिक संतोष का अनुभव होता है।

**बच्चे की मौत के बाद....**रहे। लोगों में इस बात को लेकर भी नाराजगी देखने को मिली कि घटना के काफी देर बाद तक नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचे। समाचार लिखे जाने तक कोई भी उच्च अधिकारी प्रदर्शन स्थल पर नहीं पहुंचा था, जिससे परिजनों और ग्रामीणों का आक्रोश और बढ़ गया। ग्रामीणों ने प्रशासन से मृतक बच्चे के परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग की।

**स्मैक समेत एक ...**को 4:48 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। आवश्यक जानकारी जुटाने के बाद गिरफ्तार नशा कारोबारी का पुलिस द्वारा एनडीपीएस एक्ट के तहत चालान करते हुए अभियुक्त को कोर्ट के समक्ष पेश कर दिया।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ( उत्तराखण्ड )से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)


# मस्जिद की ऊंची मीनारों को हटाने का काम शुरू

## जिलाधिकारी की मस्जिद सील करने की चेतावनी के बाद से स्वयं मीनार हटाने का काम शुरू

देहरादून। उत्तराखंड को सनातन संस्कृति की राजधानी कहे जाने वाले हरिद्वार जिले की सुल्तान नगर पंचायत में मस्जिद का निर्माण रुकवाने गई प्रशासन की टीम ने मीनार मस्जिद गिराने को लेकर प्रबंधकों को चेतावनी दी कि वे स्वयं इसे तोड़ दे अन्यथा प्रशासन परिसर को सील करने की कारवाई करेगा। डीएम मयूर दीक्षित ने बताया कि मस्जिद भवन और उसकी मीनार को लेकर सोशल मीडिया में चली खबरो का संज्ञान लेते हुए पूर्व में मस्जिद प्रबंधकों को नोटिस दिया गया था, बावजूद इसके उनके द्वारा अवैध निर्माण कार्य नहीं हटाया गया, आज एसडीएम के नेतृत्व में पुन: प्रशासनिक टीम ने वहां जाकर प्रबंधकों को चेतावनी दी गई कि अवैध निर्माण को नहीं हटाने की दशा में परिसर को सील कर दिया जाएगा। जिसके बाद प्रबंधकों ने आपत्ति जनक मीनार को स्वयं हटाने का काम शुरू करवा दिया गया है। डीएम श्री दीक्षित ने बताया कि उक्त अवैध निर्माण को जैसे बनाया गया था उसी प्रकिया से ही हटाया जाना संभव है । उल्लेखनीय है कि करीब दस माह पहले उत्तराखंड की सबसे बड़ी मस्जिद के निर्माण और ऊंची मीनारों को मानकों के अनुरूप नहीं पाया गया और न ही इसके निर्माण के लिए जिला प्रशासन अथवा प्राधिकरण से कोई अनुमति ली गई थी। अब यहां पुन: बल्लियां खड़ी करके काम होता दिखाई दे रहा है। सोशल मीडिया में ये प्रकरण चर्चित होने पर डीएम हरिद्वार ने इसके निर्माण पर रोक लगाते हुए नोटिस जारी किया था,जिसके बाद उक्त मस्जिद के निर्माण कार्य को रोक दिया गया था। **अक्टूबर 2025 में चर्चा में आयी थी मस्जिद :** हरिद्वार जिले के



सुल्तानपुर नगर पंचायत क्षेत्र में उत्तराखंड की सबसे बड़ी मस्जिद बनाए जाने और उसकी मीनार की ऊंचाई को लेकर खबरें सुर्खियों में रही। हरिद्वार जिला प्रशासन ने इसका निर्माण कार्य रोकते हुए नोटिस जारी किया था। बताया जाता है कि नोटिस का कोई जवाब नहीं मिला यानि स्पष्ट है कि उक्त मस्जिद बिना किसी सरकारी अनुमति के बनाई जा रही है। सुप्रीम कोर्ट का 2009 और 2016 का ऐसा निर्देश है कि कोई भी धार्मिक भवन या संरचना बिना जिला अधिकारी के अनुमति के नहीं बनाई जा सकती। इसके पीछे तर्क यही था कि एक तो धार्मिक संरचना, सरकारी भूमि पर न बने और इसके निर्माण में सुरक्षा के हर पहलू का ध्यान रखा जाए। **कई मस्जिदों ने नहीं ली निर्माण की अनुमति :** उत्तराखंड में 722 से अधिक मस्जिदों का निर्माण हो चुका है जिसका आंकड़ा उत्तराखंड सरकार के पास भी है। इनमें सबसे ज्यादा मस्जिदें सनातन गंगा नगरी हरिद्वार जिले में है जिनके संख्या 322 बताई गई है। देहरादून जिले में 155, उधम सिंह नगर में 144 और नैनीताल जिले में 48 मस्जिदें है। खास बात ये कि इनमें से शायद ही कोई ऐसी हो जिसमें भव्यता का निर्माण कार्य न चल रहा हो। खास बात ये भी है कि कुछ चिन्हित स्थानों पर मस्जिदों ने भव्यता के साथ साथ बड़ा आकार लेना भी शुरू कर दिया है मानो यहां कोई कंप्टीशन चल रहा हो कि कौन सबसे ऊंची मीनार बनाएगा या कौन सबसे बड़ी मस्जिद बनाएगा। **सरकारी जमीनों पर अतिक्रमण :** गौर करने वाली बात ये कि इनमें कोई भी निर्माण संबंधी अनुमति नहीं ले रहा ,कारण ये है कि प्रशासनिक अनुमति प्राप्त करने के लिए उन्हें भूमि, संस्था पंजीकरण, आय व्यय का ब्यौरा और अन्य दस्तावेज दिखाने पड़ते है जोकि बहुत से मस्जिद प्रबंधकों के पास नहीं होते। कई इमारतें ऐसी है जोकि सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे करके बनाई गई है और फिर उन्हें वक्फ बोर्ड में पंजीकृत करवा दिया गया,इसका नतीजा ये हुआ कि प्रशासन इनके खिलाफ कार्रवाई करने से परहेज करता रहा। पिछले दिनों वक्फ बोर्ड की संपत्तियों को उम्मीद पोर्टल पर दर्ज करवाने के दौरान भी ऐसे ही पेच उलझे हुए दिखाई दिए है। बरहाल सनातन देवो की भूमि उत्तराखंड में इस्लामिक प्रतीक चिन्हों की बढ़ती बसावट से स्थानीय सनातन संगठन भी चिंतित है। **नियमो का उलंघन :** जानकारी के मुताबिक इस मस्जिद के निर्माण मानकों को लेकर कोई गाइड लाइन की चिंता नहीं की गई क्योंकि जब इसका नक्शा ही पास नहीं करवाया गया तो न तो फायर सेफ्टी न ही लोकनिर्माण और न ही अन्य किसी विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र लिया गया। आम तौर पर कोई आम व्यक्ति घर भी बनाता है तो उसके लिए मानक तय है, कितनी ऊंचाई होगी,पार्किंग स्पेस कहां है ? परन्तु उक्त मस्जिद निर्माण के दौरान ऐसे किसी भी मानकों का पालन नहीं किया गया। पहाड़ी रिहायशी अथवा व्यवसायिक भवन बनाने के लिए केवल 12 मीटर की अनुमति है। जबकि मैदानी इलाकों में इसमें 30 मीटर यानी करीब 100 फीट लेकिन यहां मस्जिद में 250 फिट ऊंची मीनार किसी भी मानक के अनुसार प्रथम दृष्टि में सही नहीं कही जा रही। जानकारी के अनुसार यदि सौ मीटर से ऊंची इमारत है तो उसके लिए शासन से अनुमति के साथ साथ आई आई टी के संरचनात्मक प्रौद्योगिकी विभाग से अनुमति लेना आवश्यक है।






# एचपीवी टीकाकरण अभियान को लेकर आशाओं की बैठक आयोजित

सितारगंज (उद संवाददाता)। उप जिला चिकित्सालय में नगर क्षेत्र की समस्त आशा एवं आशा फैसिलिटेटर की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य 14 वर्ष तक की आयु की बालिकाओं में एचपीवी टीकाकरण को बढ़ावा देना तथा अभियान को प्रभावी रूप से संचालित करना रहा। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ कुलदीप सिंह यादव ने कहा कि एचपीवी एक सामान्य वायरस है, जो भविष्य में सर्वाइकल कैंसर यानी गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर का प्रमुख कारण बन सकता है। उन्होंने कहा कि समय रहते टीकाकरण कराकर इस गंभीर बीमारी से काफी हद तक बचाव संभव है। उन्होंने सभी आशा कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया कि वे अपने अपने क्षेत्रों में घर घर जाकर 14 वर्ष तक की आयु की बालिकाओं की पहचान करें और उनके अभिभावकों को एचपीवी टीकाकरण के प्रति जागरूक करें। साथ ही विद्यालयों में जाकर भी जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। डॉ यादव ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर से बचाव का टीका 14 वर्ष तक की बालिकाओं को निशुल्क लगाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि टीकाकरण के बाद बालिकाएं गर्भाशय कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जीवनभर सुरक्षित रह सकती हैं। उन्होंने जानकारी दी कि टीकाकरण सप्ताह में तीन दिन मंगलवार, गुरुवार और शुक्रवार को किया जा रहा है। उन्होंने आशा एवं आशा फैसिलिटेटर से अभियान को जन जन तक पहुंचाने और अधिकतम बालिकाओं का टीकाकरण सुनिश्चित कराने की अपील की। स्वास्थ्य विभाग द्वारा अभियान के सफल संचालन के लिए व्यापक स्तर पर जागरूकता गतिविधियां भी संचालित की जा रही हैं।



# मर्चेंट नेवी कर्मी के घर से लाखों के जेवर और नगदी चोरी

लालकुआं (उद संवाददाता)। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत बिंदुखत्ता के तिवारी नगर चित्रकूट में रविवार को बेखौफ चोरों ने दिनदहाड़े चोरी की एक बड़ी वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने एक घर का दरवाजा तोड़कर करीब साढ़े ग्यारह तोला सोने के जेवरात और नगदी पर हाथ साफ कर दिया। चोरी किए गए सामान की कुल कीमत करीब पंद्रह लाख रुपये आंकी जा रही है। इस घटना से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया है और स्थानीय निवासियों में असुरक्षा की भावना व्याप्त है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, तिवारी नगर चित्रकूट नंबर चौदह निवासी खड़क सिंह कोठारी मर्चेंट नेवी में कार्यरत हैं। घर पर उनकी पत्नी चंद्रा कोठारी अपने दो बच्चों के साथ रहती हैं। सुबह करीब ग्यारह बजे चंद्रा अपने बच्चों के साथ घर पर ताला लगाकर घोड़ानाला स्थित अपने ससुराल गई थीं। इसी बीच अज्ञात चोरों ने घर के पीछे लगे लोहे के दरवाजे को निशाना बनाया और उसे तोड़कर भीतर दाखिल हो गए। चोरों ने अलमारी का ताला तोड़ा और उसमें रखे साढ़े ग्यारह तोले सोने के आभूषण व पैंतीस हजार रुपये की नगदी समेटकर फरार हो गए। शाम करीब चार बजे जब चंद्रा कोठारी वापस घर पहुंचीं, तो मुख्य द्वार खोलने के बाद अंदर का नजारा देख उनके होश उड़ गए। कमरे का सारा सामान बिखरा हुआ था और कीमती जेवरात गायब थे। पीड़ित महिला की सूचना पर कोतवाल ब्रजमोहन सिंह राणा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने गहन जांच शुरू कर दी है। फोरेंसिक टीम ने मौके से उंगलियों के निशान और अन्य साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि चोरों का कोई सुराग मिल सके। कोतवाल ने बताया कि चोरों की धरपकड़ के लिए एसओजी टीम को भी सक्रिय कर दिया गया है और जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

# दिल्ली की अदालत ने ट्रेडमार्क विवाद में रुद्रपुर के कारोबारी पर लगाई रोक

नई दिल्ली/रुद्रपुर (उद संवाददाता)। दिल्ली की साकेत स्थित वाणिज्यिक अदालत ने इलेक्ट्रिक वायर एवं केबल से जुड़े ट्रेडमार्क विवाद में रुद्रपुर के कारोबारी संगम इलेक्ट्रॉनिक के मालिक दिलीप कुमार के खिलाफ महत्वपूर्ण अंतरिम आदेश जारी किया है। अदालत ने प्रथम दृष्टया मामले को गंभीर मानते हुए POOJA नाम अथवा उससे मिलते जुलते ट्रेडमार्क, पैकेजिंग और डिजाइन के उपयोग पर रोक लगाने के निर्देश दिए हैं। मामला दिल्ली स्थित पूजा इलेक्ट्रिक कंपनी द्वारा दायर वाद से जुड़ा है। कंपनी ने अदालत में दावा किया कि POOJA उसका पंजीकृत ट्रेडमार्क है, जिसका उपयोग वह लंबे समय से इलेक्ट्रिक वायर, केबल एवं संबंधित उत्पादों के कारोबार में कर रही है। कंपनी की ओर से आरोप लगाया गया कि संगम इलेक्ट्रॉनिक के मालिक दिलीप कुमार द्वारा समान नाम एवं डिजाइन का प्रयोग कर बाजार में उत्पाद बेचे जा रहे थे, जिससे उपभोक्ताओं में भ्रम की स्थिति उत्पन्न होने की आशंका थी। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने प्रथम दृष्टया वादी कंपनी को ट्रेडमार्क का पूर्व एवं पंजीकृत उपयोगकर्ता माना। इसके बाद अदालत ने लोकल कमिश्नर नियुक्त कर निरीक्षण एवं कार्रवाई के निर्देश दिए। अदालत के आदेश पर 16 मई 2026 को रुद्रपुर में रेड की कार्रवाई की गई। इस दौरान कथित रूप से POOJA ब्रांड से जुड़ा भारी मात्रा में माल, पैकेजिंग सामग्री और अन्य संबंधित दस्तावेज बरामद किए गए। कार्रवाई न्यायालय के आदेश एवं निगरानी में संपन्न हुई।